विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डॉयनिंग टेबल, सामान्य टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 77 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 18 दिसम्बर 2024 डाक 19 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की




**देश-विदेश**

संविधान निजी संपति नहीं, मुस्लिम पर्सनल लॉ से की तुष्टिकरण की शुरुआत, कांग्रेस पर बरसे शाह



**फीचर पेज**

बर्गर खाने से 9 मिनट घटती उम्र, रिसर्च में फास्ट फूड को लेकर चौंकाने वाला खुलासा



# आंबेडकर का नाम लेना फैशन... वाले बयान पर हंगामा
# कांग्रेस ने अमित शाह को घेरा, भाजपा का पलटवार

**नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर कांग्रेस को घेरा। इस दौरान अमित शाह के एक बयान पर हंगामा हो गया और विपक्ष ने अमित शाह पर डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। इसके चलते बुधवार को संसद में भी हंगामा जारी रहा और विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही भी सुचारू रूप से नहीं हो सकी। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया है और आरोप लगाया है कि कांग्रेस अमित शाह के भाषण का वीडियो कांट-छांट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही है और सस्ती राजनीति कर रही है। दरअसल संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि अभी एक फैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। आंबेडकर का नाम सौ बार लें,



लेकिन आंबेडकर के बारे में कांग्रेस पार्टी का भाव क्या है, ये मैं बताता हूं। शाह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों दे दिया था। उन्होंने अनुसूचित जनजातियों से व्यवहार, अनुच्छेद 370 और देश की विदेश नीति से नाराजगी के चलते इस्तीफा दे दिया था।

इस पर बीसी रॉय ने पंडित नेहरू को चिट्ठी लिखी कि आंबेडकर और राजाजी मंत्रिमंडल छोड़ेंगे तो क्या होगा। इसके जवाब में पंडित नेहरू ने लिखा था कि राजाजी के जाने से कुछ असर पड़ेगा, लेकिन आंबेडकर के जाने से कुछ नहीं होगा। शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस के आंबेडकर के बारे में ये विचार रहे हैं। आज आंबेडकर को मानने वाले पर्याप्त संख्या में आ गए हैं इसलिए ये आंबेडकर-आंबेडकर कर रहे हैं। वोटबैंक के लिए कांग्रेस नेता आजकल आंबेडकर का नाम बार-बार लेते हैं। अमित शाह के बयान को कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तो इस मुद्दे पर अमित शाह का इस्तीफा मांग लिया है।

## बाबा गुरू घासीदास ने सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया : सीएम साय




**रायपुर, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।**

उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उन्होंने सम्पूर्ण मानव जाति को 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रेरक संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया। लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। सीएम साय का एक्स पोस्ट - मनखे-मनखे एक समान के महान विचार से समाज में समरसता और समानता की अलख जगाने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। समस्त प्रदेशवासियो को इस पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं!

## पीएल पुनिया हाउस अरेस्ट



**रायपुर, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छग कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रहे पीएल पुनिया को हाउस अरेस्ट किया गया है। तनुज पुनिया ने एक्स में लिखा, आज 18 दिसंबर को सरकार की कुरीतियों के खिलाफ, महिलाओं एवं बेटियों से हो रहे अत्याचार, निजीकरण इत्यादि मुद्दों के उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा लखनऊ विधानसभा घेराव करने से रोकने हेतु आज लखनऊ पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व सांसद मा. पी0एल0 पुनिया जी सहित कई कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया है। ये सरकार कितनी डरी हुई है इसका अंदाज़ा इस बात से साफ़ लगाया जा सकता है की सरकार अपने खिलाफ उठी हर आवाज़ को दबाना चाहती है। लेकिन सरकार यह जान ले कि कांग्रेस के जांबाज़ बब्बरशेर साथी विधानसभा का घेराव हर हाल में करेंगे।

# रायपुर चावल कारोबारी रफीक मेमन और गरियाबंद में इकबाल मेमन पर ईडी की कार्रवाई

**रायपुर, गरियाबंद 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम छत्तीसगढ़ में आज सुबह दो अलग-अलग कारोबारियों के घर छापा मारा। रायपुर के मौदहापारा इलाके में चावल कारोबारी रफीक मेमन के घर छापा मारा। इस पर डीएमएफ घोटाले से जुड़े होने के मामले में यह कार्रवाई चल रही है। वहीं गरियाबंद के मैनपुर में इकबाल मेमन के घर छापा मारा गया है। इकबाल मेमन के घर सुबह 6 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने 10 से अधिक वाहनों के साथ मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया।



इकबाल मेमन पर शराब सिंडिकेट के काले धन को निवेश करने का आरोप है। वह रायपुर के विवादित कारोबारी अनवर ढेबर का रिश्तेदार भी बताया जा रहा है। इस कनेक्शन की जांच के लिए ईडी विशेष रूप से सक्रिय है। जानकारी के अनुसार, बीते दो वर्षों में इकबाल मेमन ने दो करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां खरीदी हैं। इस पर स्थानीय ग्रामीणों ने ईडी को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में जाड़ापदर के ग्रामीणों ने मेमन पर शराब सिंडिकेट के अवैध धन से निवेश करने का आरोप लगाया था। जाड़ापदर के ग्रामीणों द्वारा किए गए लिखित शिकायत के बाद ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों का कहना है कि इस छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।माना जा रहा है कि यह छापा बड़े शराब सिंडिकेट के काले धन को लेकर किए गए निवेश का खुलासा कर सकता है। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि मेमन और ढेबर के बीच आर्थिक लेन-देन का कोई सीधा संबंध है या नहीं। फिलहाल, ईडी की टीम मौके पर मौजूद है और जांच प्रक्रिया जारी है। इस छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

## शरद पवार ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**नईदिल्ली, 18 दिसम्बर ।**

एनसीपी-एससीपीप्रमुख शरद पवार ने बुधवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान पवार ने पीएम मोदी से किसानों के मुद्दे को लेकर चर्चा की। मिली जानकारी के अनुसार, शरद पवार ने सतारा और फलटण के अनार किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अनार भेंट किए। शरद पवार ने इस बात पर जोर दिया कि बैठक में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई।

# काम चपरासी का और कर रहा था मैडम की ड्राइवरी, डेढ़ लाख की रिश्वत लेते धराया

## लेडी एसडीएम पर भी हुआ एक्शन

**जबलपुर, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

शहपुरा भिटौनी के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) का ड्राइवर लोकायुक्त के हत्थे चढ़ गया। एसडीएम नदीमा शीरी का ड्राइवर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ लोकायुक्त पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का मूल पद चपरासी है। लोकायुक्त दल ने भृत्य के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद कर ली है। अपर कलेक्टर ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उधर, एसडीएम की भूमिका को संदिग्ध मानकर तत्काल प्रभाव से शाहपुरा तहसील से हटाकर कलेक्टर कार्यालय में अटैच कर दिया है। लोकायुक्त ने भी एसडीएम की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि शहपुरा तहसील में पदस्थ चपरासी सुनील कुमार पटेल को डेढ़ लाख रुपयों की रिश्वत लेते हुए टीम ने पकड़ा है। इसकी शिकायत शहपुरा भिटौनी के खमदेही गांव के संग्राम सिंह ने की थी। खामदेही के मुख्य मार्ग से लगी संग्राम के रिश्तेदार की एक एकड़ जमीन है। इस जमीन पर गांव के किसान बासमती धान का भंडारण करते हैं। 28 अक्टूबर को शहपुरा तहसीलदार ने मौके पर निरीक्षण कर पंचनामा बनाया था। इस पर एसडीएम ने आवेदक को कारण बताओ नोटिस दिया था।



नोटिस मिलने पर मामले को रफा-दफा करवाने के लिए एसडीएम के चपरासी सुनील से बातचीत की गई थी तो उसने तीन लाख रुपयों की रिश्वत की मांग की थी। लोकायुक्त दल के उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झरवडे, निरीक्षक कमल सिंह उईके, निरीक्षक नरेश बेहरा ने शिकायत के सत्यापन के लिए कॉल रिकॉर्ड की और मंगलवार को रिश्वत की आधी राशि देने के लिए धनवंतरी नगर तय किया गया था।शहपुरा तहसीली में एसडीएम के भृत्य पद पर पदस्थ है। वह चपरासी के साथ एसडीएम का ड्राइवर भी बना हुआ है। जानकारी मिली है कि वह लोगों के मामले को रफा-दफा करवाने का भी काम करता था।

शहपुरा की तत्कालीन एसडीएम नदीमा शीरी को आनन-फानन में कलेक्ट्रेट अटैच करने के पीछे भृत्य की ट्रैपिंग सामने आ रही है। पूर्व में भी इस तरह की शिकायत कलेक्ट्रेट तक पहुंची थी। जिम्मेदार समझ रहे हैं कि इतनी बड़ी राशि रिश्वत में एक भृत्य नहीं ले सकता है। लिहाजा, अपर कलेक्टर ने शीरी को हटाकर उसकी जगह शहपुरा का प्रभार डिप्टी कलेक्टर कुलदीप पाराशर को दिया है।

## हाजीपुर में वकील के घर एनआईए की ताबड़तोड़ छापामारी, 4 घंटे तक रेड से मचा हड़कंप

**हाजीपुर, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बिहार के हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसडीओ रोड स्थित एक एडवोकेट के घर एनआईए की टीम ने सुबह पांच बजे पहुंचकर छापेमारी शुरू कर दी। एनआईए की टीम को देखते ही हड़कंप मच गया। टीम ने एडवोकेट के घर को घेर लिया। जानकारी के मुताबिक एनआईए की टीम ने वकील संदीप कुमार सिन्हा उर्फ छोटू लला के घर सुबह-सुबह छापामारी की।

एडवोकेट जमींन का कारोबार भी करता है। करीब चार घंटे रेड करने के बाद टीम निकल गई। टीम के अधिकारी ने कुछ बताने से इंकार किया।

## यूपी विधानसभा का घेराव: कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यालय के बाहर रोका गया, बाहर फोर्स तैनात



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के विधानसभा घेराव के ऐलान के बाद कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हो गया है। इस दौरान उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरीकेडिंग कर दी गई है।

वहीं, लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यहां नुकीली बैरीकेडिंग की गई है। ये भाले हमारे कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट पहुंचाएंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है। ये सरकार हमारे कार्यकर्ताओं को मारना चाहती है। गाजीपुर बॉर्डर पर हमारे कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है लेकिन हम इस सबके बाद भी विधानसभा में प्रवेश करेंगे। इस बीच पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, निवर्तमान प्रदेश महासचिव संगठन अनिल यादव, दिनेश सिंह सहित दो दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेताओं को नोटिस भेजा है।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा बच्चे की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद के धौज थाना क्षेत्र में ऑटो पलटने से एक पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में उसकी नानी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गांव धौज के रहने वाले जाहिद ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका बेटा सुहैल अपनी नानी समरुद्दीन के साथ ऑटो में धौज से खोरी जमालपुर जा रहे थे। रास्ते में एक मोड पर ऑटो चालक ने तेज रफ्तार में ही ऑटो मोड़ दिया। संतुलन बिगड़ने की वजह से ऑटो पलट गया। बताया गया कि हादसे के बाद उनके बेटे सुहैल और उसकी नानी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सुहैल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हेमंत सोरेन ने बीजेपी सांसदों का लिया सहारा, कहा- दिल्ली तक पहुंचा दीजिए मेरी बात

**रांची, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अब भाजपा सांसदों का सहारा लेने की नौबत आ गई है। हेमंत सोरेन की इस मांग से भाजपा सांसद भी असमंसज में पड़ सकते हैं। दरअसल, हेमंत सोरेन ने भाजपा सांसदों का सहारा लेता हुए कहा है कि वे केंद्र से राज्य का बकाया कोल रायल्टी 1.36 लाख करोड़ रुपये दिलाएं।



सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि झारखंड भाजपा के सांसदों से उम्मीद है कि वे हमारे इस जायज मांग को दिलवाने के लिए अपनी आवाज अवश्य बुलंद करेंगे। झारखंड के विकास के लिए यह राशि बहुत ही अधिक आवश्यक है। केंद्र सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि राज्य का कोई बकाया नहीं है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने यह जवाब दिया है। पप्पू यादव ने लोकसभा में सवाल उठाया था कि कोयला राजस्व के अर्जित कर के तौर पर झारखंड का 1.40 लाख करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है। केंद्र यह राशि उपलब्ध नहीं करा रही है। इसपर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि यह सही नहीं है। झारखंड का कोई बकाया केंद्र सरकार के पास नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1.36 लाख करोड़ रुपये कोयला रायल्टी बकाया को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजा था। विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने पत्र भेजकर आग्रह किया था कि यह राशि जारी की जाए। इसके कारण राज्य का विकास बाधित हो रहा है और कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में मुश्किलें आ रही है। इस राशि से राज्य का विकास तेज गति से हो सकेगा।

डिलाईट क्लॉथ सेंटर
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
अब नये परिसर में नई साज-सज्जा के साथ
साड़ियों की विशाल रेंज
SUBHASH | Ambica | Cotton | SILK
Ladies Wear
सूट पीस । लहंगा । ड्रेस मटेरियल
कुर्ती सेट । वेस्टर्न वियर
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के संचालित हो : कलेक्टर

## अवैध धान खरीदी और परिवहन पर सतत् कार्यवाही के दिए निर्देश

कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो एवं शासकीय योजनाओं के कार्य प्रगति समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में चल रही धान खरीदी की प्रक्रिया को बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से संचालित करने एवं एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आने वाले दिनों में उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढ़ने के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी को सतर्क रहने और अवैध रूप से धान भण्डारण, परिवहन, टोकन का सत्यापन करने तथा गोडाउन, दुकानों में छापामार कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समिति में धान बेचने आए किसानो को किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए। सभी केंद्रों में बारदाने का पर्याप्त भंडारण हो सभी नोडल अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत, निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के दिशा-निर्देशानुसार विभागों को कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों से शासकीय राशि की वसूली होनी है उन ग्राम पंचायतों को अभी डीएमएफ से राशि नहीं जारी की जाए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जर्जर ग्राम पंचायत भवनों एवं भवन विहीन ग्राम पंचायतों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान



एवं वय वंदन योजना अंतर्गत वंचित हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने ग्रामवार अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गुरूवार एवं शुक्रवार का दिन निर्धारित कर स्वास्थ्य अमला एवं सचिवों के माध्यम से वंचित हितग्राहियों को इस योजना अंतर्गत कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को नोडल नियुक्त करते हुए जनपद सीईओ, बीएमओ, सीएमओ को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 19 दिसंबर से लगने वाले दिव्यांगजन आंकलन शिविर में संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और प्रतिदिन शिविर के संबंध में जानकारी उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑटो रिक्शा प्रीपेड बूथ स्थापित करने तथा शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थान जहां पर यात्रियों को ऑटो रिक्शा की आवश्यकता होती है उन स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने विगत सप्ताह पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम रनई और खिरटी में किए गए दौरे के दौरान प्राप्त समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत साइकल स्टैण्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मंगाए गए प्रस्ताव को शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को शिक्षण सत्र समाप्त होने से पूर्व जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए। भू-अर्जन, रिकॉर्ड के दुरूस्तीकरण में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने (हिट एण्ड रन) के मामलों में पीड़ित परिवारों को समय पर प्रतिकर राशि उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही करने, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में समय पर पोर्टल में संबंधित की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण और पात्रता के अनुसार आवेदक को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुनालिया नहर रेलवे क्रॉसिंग में अंडर पास निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए सेतु के माध्यम से कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश एसडीएम कोरबा को दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकासविभाग को शहरी क्षेत्र के जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की सूची एक सप्ताह के भीतर प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने, वाहन स्क्रैप, वृद्धाश्रम, दिव्यांगजन विद्यालय आदि के संबंध में भी समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने विभागवार टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए माह अक्टूबर तक लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने एवं कलेक्टर जनदर्शन के प्रकरणों पर परीक्षण कर निराकृत करने हेतु सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत समस्त पदों के आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

कोरबा । त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु विकासखण्ड कोरबा/करतला/कटघोरा/पाली/पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत पंचायतों के आम निर्वाचन के लिये जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के सदस्य/अध्यक्ष एवं सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण की कार्यवाही स्थगित की गई है।

### मुख्यमंत्री गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

कोरबा । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 18 दिसंबर को बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री प्रात: 11:45 बजे हेलीकॉप्टर से कोरबा पहुंचेंगे और 11:50 से 12:50 बजे तक बाबा गुरूघासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे वे 12:55 बजे कोरबा से मुंगेली जिला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ (गांजा) को 28 दिसंबर को किया जाएगा नष्ट

कोरबा । पुलिस अधीक्षक कोरबा के अन्तर्गत आने वाले थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ (गांजा) के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति गठित की गई है।एनडीपीएस के प्रकरणों में नष्टीकरण हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कर थाना के द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची तथा मूल प्रपत्र समिति को प्रस्तुत की गई है। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों को 28 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे बाल्को पावर प्लांट के भट्ठी (Furnace) में विधिवत जलाकर नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त तिथि को चयनित स्थल में मादक पदार्थों (गांजा) के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के सदस्यों के समक्ष पंचनामा तैयार कर की जाएगी।

### बाबा गुरूघासीदास का जीवन दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा : जयसिंह



कोरबा। संत शिरोमणिम बाबा गुरूघासीदास जयंती पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संत परम्परा में गुरू घासीदास का नाम अत्यधिक प्रतिष्ठित है। 18 दिसम्बर 1756 को रायपुर जिला के ग्राम गिरौद में इनका जन्म हुआ। बचपन से ही इनके हृदय में वैराग्य का भाव परिलक्षित होने लगा था। गुरूघासीदास आधुनिक युग के सशक्त क्रांतिदर्शी गुरू के रूप में जाने जाते हैं। इनके जीवन दर्शन में सत्य, अहिंसा, करूणा तथा जीवन का ध्येय उदात्त रूप से प्रकट होता है। गुरूघासीदास का जीवन दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरूघासीदास सम्मान स्थापित किया है। इस सम्मान के तहत वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता है।

### उघोग मंत्री देवांगन ने दी गुरूघासीदास जयंती की बधाई



कोरबा। वाणिज्य उद्योग और श्रममंत्री लखन लाल देवांगन ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास जी की 18 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर जिले समेत प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि महान संत बाबा गुरू घासीदास ने सामाजिक, आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतियों के अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठाकर मनखे मनखे एक समान है का संदेश दिया। श्री. देवांगन ने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। समाज को नई दिशा प्रदान करने में उनका अतुलनीय योगदान है। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य पूरी मानव जाति के लिए कल्याणकारी है और अनुकरणीय है



## जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

कोरबा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं मेरा युवा भारत कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 15 से 29 वर्ष के आयुवर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन 14 दिसंबर को विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक क्रमांक 1 में किया गया 7 यह कार्यक्रम एन वाई के (मेरा युवा भारत ) कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया ।

## पूर्व मंत्री ने कहा अंडर ब्रिज मार्ग प्रभावित परिवारों को मिले उचित मुआवजा

कोरबा। कोरबा शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में प्रस्तावित अंडर ब्रिज अथवा निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज मार्ग से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा का भुगतान एवं व्यवस्थापन का समुचित प्रबंध किए जाने के संबंध में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कलेक्टर कोरबा को पत्र लिखते हुए उसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक और आयुक्त नगर निगम कोरबा को प्रेषित किया है। जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि एस.ई.सी.एल. द्वारा संचालित खदानों से जुड़े क्षेत्र गेवरा, कुसमुण्डा एवं दीपका में ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। क्षेत्र के निवासियों ने संपर्क कर अवगत कराया है कि ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य आरंभ किए जाने से उनके सामने इस कडाके की ठंड में व्यवस्थापन की समस्या उत्पन्न हो गई है और उनके आवास निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज की जद में आने की वजह से उन्हें वहां से हटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है एवं उन्हें मुआवजे का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ सुनालिया पुल मार्ग से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाले रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ की नजदीकी बस्ती के निवासियों को वहां बनाए जाने वाले अण्डर ब्रिज की वजह से विस्थापित किया जा रहा है। सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग के पास बनाए जाने वाले अण्डर ब्रिज मार्ग से प्रभावित होने वाले निवासियों को तत्काल वहां से हटाने का निर्देश जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया है और संबंधित विभागों द्वारा मकान खाली करवाकर तोड़ने का कार्य भी आरंभ किया जा चुका है।

पत्र में जयसिंह अगवाल ने आगे लिखा गया है कि वर्तमान समय में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और ऐसी स्थिति में मानवीय पक्ष को ध्यान में रखते हुए उन्हें आवास खाली कर अन्य वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के लिए न्यूनतम 15 दिनों का समय दिया जाना उचित होगा। उसी क्षेत्र में अनेक लोग ऐसे भी हैं जो अपने आवास के सामने जीविकोपार्जन के लिए छोटी-मोटी दुकान का संचालन भी कर रहे हैं। पन्द्रह दिनों की अवधि की मोहलत दिए जाने पर उन्हें भी अपना सामान हटाने का अवसर मिल जाएगा और टूट-फूट के संभावित नुकसान से भी वे बच सकेंगे। जयसिंह अग्रवाल ने आगे लिखा है कि उक्त मार्गों के निर्माण से प्रभावित परिवारों के हित में आवश्यक होगा कि कुसमुण्डा व दीपका क्षेत्र में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज से प्रभावित परिवारों को भी समुचित मुआवजा भुगतान कराया जाए और प्रस्तावित अंडर ब्रिज प्रभावित निवासियों से कम मुआवजा भुगतान संबंधी प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेकर जिला प्रशासन द्वारा विचार अवश्य किया जाना चाहिए। इस तरह के निर्माण कार्यों से प्रभावित होने वाले परिवारों को विस्थापित किए जाने से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्थापन की व्यवस्था भी किया जाना आवश्यक है।

## महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई एम.आई.सी. की बैठक

कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल द्वारा आज निगम के विभिन्न विकास कार्यो, पेंशन व आर्थिक सहायता संबंधी योजनाओं के हितग्राहियों, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने व जनसुविधाओं से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस रखकर कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में मंगलवार को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना अंतर्गत सिविल बस डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बी.टी.एम. पावर इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, सफाई ठेकेदारों को संशोधित कलेक्टर दर पर भुगतान करने, अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 33 एम.एल.डी. सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन, भवन, सड़क सामग्री क्रय हेतु वार्षिक दर निर्धारण आदि से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए। इसी प्रकार निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो संबंधी प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा**

एम.आई.सी. बैठक के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की जोनवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने विभिन्न मदां के अंतर्गत प्रगतिरत, प्रस्तावित व स्वीकृत निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की मदवार समीक्षा की, प्रगतिरत कार्या को समयसीमा में पूरा करने, निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, प्रस्तावित व स्वीकृत कार्यो की निविदा प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर कार्यो को प्रारंभ कराने तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो को सर्वप्राथमिकता के साथ संपादित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लायें**

बैठक के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम के साफ-सफाई कार्यो व शहर की स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाई जाए, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य संपादित हों, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित कचरे का स्थल से तुरंत उठाव, परिवहन व उसका समुचित प्रबंधन किया जाए, सफाई कार्यो में सभी उपलब्ध आवश्यक संसाधनों को उपयोग में लाया जाए, स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में गति लाई जाए तथा शहर की स्वच्छता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएं जाएं। बैठक के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, बसंत चन्द्रा, प्रदीपराय जायसवाल, पालूराम साहू, सपना चौहान, सुनीता राठौर, सुरती कुलदीप, रोपा तिर्की, मस्तुल सिंह कंवर, सुखसागर निर्मलकर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, भूषण उरांव, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, सुरेश बरूवा, संतोष रवि, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सहायक लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, नीलाम्बर यादव, अरविंद सिंह आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे

## देवपहरी क्षेत्र के लोगों को ठंड से बचाने दिया जाएगा कंबल

कोरबा । भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा द्वारा गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के तत्वावधान में 18 दिसंबर बुधवार को दोपहर 1.30 बजे गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के आश्रम में वृहद कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। देव घाटी के 40 ग्रामों में निवासरत राष्ट्रपति की दत्तक जाति पहाड़ी कोरवा, पंडों, विरहोर, मांझी, मंझवार व अन्य आदिवासी परिवारों के अलावा पिछड़ा वर्ग के भी परिवार का बीपी जांच, सुगर जांच, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड ग्रुप परीक्षण के साथ सभी को कंबल भी वितरण किया जायेगा।भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम के राउत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़, अध्यक्षता श्री अशोक कुमार अग्रवाल चेयरमैन भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि श्री एन एस केसरी सीएचएमओ कोरबा एवं सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा और श्री रामसिंह अग्रवाल चेयरमैन भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा होंगे।18 दिसंबर को सुबह 11 बजे से खून जांच, स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत भंडारे के पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आयोजित मंचीय कार्यक्रम में कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के अध्यक्ष मिथलेश दुबे ने 40 ग्रामों के जरुरतमंद परिवार को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के सचिव एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा के प्रदेश प्रतिनिधि योगेश जैन सहित अन्य प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### किसानो ने बिजली कनेक्शन देने की मांग रखी

कोरबा । कोरबा जिले के ग्राम पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत 14 ग्रामो के किसान अपने खेतो में बिजली कनेक्शन देने की मांग कों लेकर बिजली विभाग पहुचे। बताया जा रहा हैं दो वर्ष पहले ही कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन विभाग के द्वारा कनेक्शन कों लेकर आगे की कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिससे नाराज सैकड़ो किसानो बिजली विभाग पहुंचकर जल्द ही कनेक्शन देने की मांग करी। जानकारी के अनुसार किसानो के हित के लिए उन्हें अच्छी सुविधा मिले उसके लिये अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से लिफ्ट एरिगेशन सेटप बनाया गया है। 14 ग्रामो मे यह सिस्टम लगाया गया जहाँ प्रत्येक गांव मे लगभग 50 एकड़ भूमि कों सिंचित करेगा, उस एरिगेशन के संचालित करने के लिए किसानो ने दो साल पहले ही विद्युत् कनेक्शन के लिए आवेदन लगाया है।

### थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ गांजा को 28 दिसंबर को किया जाएगा नष्ट

कोरबा । पुलिस अधीक्षक कोरबा के अन्तर्गत आने वाले थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ (गांजा) के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति गठित की गई है। एनडीपीएस के प्रकरणों में नष्टीकरण हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कर थाना के द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची तथा मूल प्रपत्र समिति को प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों को 28 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे बाल्को पावर प्लांट के भट्ठी में विधिवत जलाकर नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त तिथि को चयनित स्थल में मादक पदार्थों (गांजा) के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के सदस्यों के समक्ष पंचनामा तैयार कर की जाएगी।

### बजरंग दल ने किया खिचड़ी का वितरण

कोरबा । कोरबा जिले में 16 दिसंबर विजय दिवस के अवसर पर बजरंग दल, कोरबा के कार्यकर्ताओं द्वारा देश की एकता और विजय के प्रतीक इस महत्वपूर्ण दिन को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर खिचड़ी का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना और देश के वीर सैनिकों के शौर्य को स्मरण करना था, जिनके बलिदान और साहस के कारण 1971 के युद्ध में ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई। विजय दिवस पर यह आयोजन देशभक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

## गर्लफ्रेंड के साथ कार में पकड़ाया पति, पत्नी ने पीटा...कोरबा में चौपाटी घुमाने लाया था वकील, घंटे भर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में पति अपनी गर्लफ्रेंड के साथ पकड़ाया तो पत्नी ने उसकी पिटाई कर दी। वकील कार से अपनी प्रेमिका को घुमाने लाया था। इसी दौरान वहां उसकी पत्नी पहुंच गई। दोनों के बीच कहासुनी और बहस इतनी बढ़ गई कि पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की पिटाई कर दी। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।ये देख वहां मौजूद लोगों ने पति और प्रेमिका को पीट दिया। घंटे भर चले हाई वोल्टेज ड्रामा का वीडियो भी वायरल हो रहा है।कोरबा में पत्नी ने पति को उसकी प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। गर्लफ्रेंड को घुमाने चौपाटी आया हुआ था।कोरबा में पत्नी ने पति को उसकी प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। गर्लफ्रेंड को घुमाने चौपाटी आया हुआ था। भीड़ ने प्रेमिका को कार से बाहर निकालकर पीटा पत्नी के चिल्लाने पर चौपाटी के लोग मौके पर एकजुट हो गए। इस दौरान गर्लफ्रेंड ने वीडियो बनाने पर एक अन्य युवती का मोबाइल छीनकर फेंक दिया। इससे मौके पर मौजूद भीड़ भड़क गई और महिला को बाहर खींचकर धुनाई कर दी।




**पत्नी से मारपीट का लोगों ने किया विरोध**

सभी महिला के साथ हुई मारपीट का विरोध करने लगे। वहीं कुछ लोग इस विवाद का वीडियो बनाते रहे। सूचना पर सिविल लाइन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद मौजूद लोगों को हटाया गया। साथ ही समझाइश देकर दोनों पक्षों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि ये ड्रामा काफी समय तक चलता रहा। बता दें कि चौपाटी में इससे पहले भी मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटना सामने आ चुकी है।

### देवपहरी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आज

कोरबा । गौमुखी सेवाधाम देवपहरी में 18 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित है। साथ ही सुबह 11 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू होगा। कार्यक्रम में देव घाटी के 40 गांवों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा, पंडों, विरहोर, मांझी, मंझवार व अन्य आदिवासी परिवारों के अलावा पिछड़ा वर्ग के भी परिवार का रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड ग्रुप परीक्षण के साथ सभी को कंबल वितरण किया जाएगा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमके राउत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारतीय रेडक्रास सोसायटी, छत्तीसगढ़ होंगे।

# धान खरीदी में भारी अव्यवस्था, केन्द्रों में जाम



जांजगीर-चांपा। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को ऐड़ी चोटी का जोर लगाना लग रहा है। जिले में इस बार खरीदी केन्द्रों में इस कदर अव्यवस्था है जिससे ना केवल किसानों को तौल कराने में परेशानी हो रही है, बल्कि आवक टोकन लेने में भी 15 दिन से लेकर माह भर बाद का समय मिल रहा है। इसके अलावा उठाव नहीं होने से केन्द्रों में भी जाम की स्थिति बनी हुई है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 14 नवंबर से प्रारंभ की गई है। वहीं जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता के चलते किसानों को शुरूआती दिनों से ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में जिले के 129 केन्द्रों में से अधिकांश जगहों पर धान बेचने वाले किसान आवक टोकन को लेकर भारी परेशान है। किसानों के मुताबिक टोकन कटवाने पर तौल के लिए 15 जनवरी के बाद का समय मिल रहा है। ऐसे में खेत खलिहान में किसानों का धान पड़ा हुआ है और टोकन में दर्ज तिथि के अनुसार धान बेचने के लिए वे अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे है। समस्या यही खत्म नहीं होती, इसके बाद फड़ पर धान ले जाकर बारदाना प्राप्त करने और तौल कराने में भी किसानों को ऐड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। इसके अलावा जिले में अभी तक तकरीबन 18 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। जिसमें से कुछ हजार क्विंटल धान का उठाव ही हो पाया है। ऐसे में अधिकतर केन्द्रों में खरीदे गए धान का अंबार लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी को शुरू हुए महीने भर से अधिक हो गए है और शुरूआत के दिनों से ही किसानों को जिस तरह की परेशानी हो रही है, उसका समाधान होना तो दूर उल्टे परेशानी और भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। केन्द्रों में जब तौल की शुरूआत ही नहीं हुई थी, तब आवक टोकन दर्ज करवाने वाले किसानों को पखवाड़े भर बाद का समय मिलता था। इसके बाद खरीदी में जैसे ही गति आने लगी, आवक टोकन लेने पर अब 15 से बढ़कर महीने भर बाद का समय मिलने लगा है। इस तरह की स्थिति में किसान भारी परेशान हो रहे है।

### जल्द उठाव के निर्देश

*जिले में 44 हजार 317 किसानों ने 18 लाख 51 हजार क्विंटल धान बेचा है। जिसमें से 6 हजार क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। उठाव कार्य में तेजी लाने समिति प्रबंधकै एवं मिलरों को निर्देशित किया गया है।*
***अमित साहू***
***नोडल अफसर, सहकारी बैंक जांजगीर***

# 3 साल में नहीं बन पाया कोरबा का 38 किमी हाइवे

जांजगीर चांपा । जिले के लोगों को बिलासपुर-रायपुर की ओर जाने के लिए तो चमचमाती हाइवे की सुविधा मिल रही है तो वहीं कोरबा की ओर जाने के लिए अब भी जिले के लोगों को धूल और राखड़ के बीच से होकर गुजरना मजबूरी बन गई है। क्योंकि तीन साल मे 38 किमी लंबी सड़क का निर्माण एनएचएआई पूरा नहीं करा पाया। चांपा-कोरबा हाइवे का निर्माण आज भी अधूरा है। इनमें बाकी दूरी तो चमचमाती बन गई है लेकिन चार जगह अंडरब्रिज का काम अभी अपूर्ण है।

यहां से गुजरना ही सबसे ज्यादा मुश्किलों भरा साबित हो रहा है। यहां पर अंडरब्रिज के किनारे ही वन-वे आना-जाना हो रहा है। ऐसे में वाहनें एक-दूसरे से सटकर चलती रहती है। जरा सी भी नजर हटी तो दुर्घटना घटी जैसी स्थिति है। वाहनों के गुजरते ही यहां पर धूल और डस्ट का ऐसा गुबार उठता है कि सड़क कहीं नजर नहीं आती। चारपहिया वाहन वाले तो धूल-डस्ट से बच जाते हैं लेकिन दोपहिया वाहन चालक धूल- डस्ट से पूरी तरह से नहा चुके हैं। कपड़ों से लेकर आंखों तक धूल- डस्ट जम जाती है। इस हाइवे के किनारे कई गांव बसे हैं जहां तक लोगों को आने-जाने के लिए इस रास्ते का सहारा लेना मजबूरी है।

अभी एनएचएआई के द्वारा यह सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जो 38.200 किलोमीटर लंबी है। सड़क की लागत 600 करोड़ रुपए से अधिक है। इधर अफसरों का कहना है कि अंडरब्रिजों का निर्माण जल्द से जल्द पूरा कराने ही पूरा फोकस दिया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू हुए 3 साल हो गए। पहले दिसंबर 2023 तक निर्माण का दावा किया जा रहा था। फिर मार्च 2024 तक काम पूरा होने की बात कही गई लेकिन यह समय भी गुजर गया। अब 2024 को बीतने वाला है लेकिन काम अभी भी सभी अंडरब्रिज में काम 3 से 4 महीने से पहले पूरा होना संभव नजर नहीं आ रहा है। कुल मिलाकर हाइवे में बिना धूल-डस्ट और परेशानी के बिना सफर करने लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। मार्ग में कोथारी, मड़वारानी, बरपाली और सरगबुदिंया में अंडरब्रिज का काम अभी अपूर्ण है।



## विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर कल मालखरौदा में

मालखरौदा। विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में सिकल सेल, हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर के साथ नेत्र जांच की भी सुविधा होगा। साथ ही चर्म रोग, शिशु एवं बाल रोग, मधुमेह, शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता, चिकित्सा सलाह के साथ एलोपैथिक और आयुर्वेदिक औषधियां नि:शुल्क दी जाएगी। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी काढ़ा भी बांटा जाएगा, वहीं मौसमी रोग के रोकथाम के उपायों के विषय में स्वास्थ्य शिविर में जानकारी भी दिया जाएगा। डॉ. मृत्युंजय राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है।

## अवैध धान परिवहन करते माजदा चालक पकड़ाया 125 बोरी धान जब्त

जांजगीर-चांपा। जिले में धान खरीदी के उपरांत अवैध धान खरीदने व बेचने के फिराक में तस्कर सक्रिय है। इस कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिर्रा पुलिस ने 125 बोरी अवैध धान परिवहन करते एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 15.12.2024 को थाना बिर्रा पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान माजदा ट्रक कमांक ओडी 03 सी 3787 में चालक संतोष चंद्रा निवासी सलौनीकला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को अवैध रूप से परिवहन करते हुए ले जा रहे 125 बोरी धान को जो ग्राम देवरानी से अवैध रूप से धान परिवहन करते ले जा रहा था जिसे पकड़ा गया मौके पर उक्त चालक से धान परिवहन करने के संबंध मे कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया जिसे जप्त किया जाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु मण्डी खाद्य विभाग को सौंपा गया हैं। उक्त कार्यवाही में उनि. कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा आरक्षक वैभव केशरवानी, रघुवीर यादव का विशेष योगदान रहा।

# लंबित मांगों को लेकर पटवारियों ने किया ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार

सक्ती। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर राजस्व पटवारी संघ ने पूर्व से लंबित मांगों पर सरकार के अनदेखा रवैया से पूरे प्रदेश के पटवारी सोमवार 16 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर दिया है। इसी तारतम्य में पटवारी संघ सक्ती के पटवारी भी ऑनलाइन कार्य के अनिश्चित कालीन बहिष्कार का तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपना डीएससी टोकन जमा किया और मांग पूरी होने तक ऑनलाइन कार्य नहीं करने की बात कही है।

विगत दिनों पटवारियों द्वारा अपनी कई मांगों को लेकर हड़ताल किया गया था, जिसे राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के आश्वाशन पर स्थगित किया गया था, किंतु आज पर्यन्त उन मांगो पर ध्यान नहीं दिया गया जिससे हताहत पूरे प्रदेश के पटवारी संसाधन नहीं तो काम नहीं के तर्ज पर लामबंद हो गए हैं।

तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रा द्वारा बताया गया कि पिछले एक दशक से शासन द्वारा राजस्व विभाग के कार्य हेतु भुइयां पोर्टल बनाया गया जिसमें सभी कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं किंतु पटवारियों को इस कार्य के लिए आज तक कोई भी साधन संसाधन नहीं दिया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि आज भी उन्हें दोगुना बोझ उठाना पड़ रहा है एक तरफ भुइयां पोर्टल में कार्य करने के लिए लैपटॉप, स्कैनर, प्रिंटर, नेट चाहिए वहीं न्यायालयीन प्रतिवेदन हेतु विभिन्न स्टेशनरी की आवश्यकता पड़ती है, जब से भुइयां पोर्टल आया है तब से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार के रिकॉर्ड को संरक्षित किया जाता है, जिस कारण समय के साथ साथ संसाधन हेतु हमें अपने आप से लड़ना पड़ रहा है। सभी आंदोलन में प्रमुख मांग संसाधन की ही रही है लेकिन शासन प्रशासन से आज पर्यन्त आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब वे हड़ताल पर रहेंगे। इसी कड़ी में सक्ती तहसील के सभी पटवारी काले वख पहनकर तहसील कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध दर्ज किया। ज्ञापन सौंपने वालों में सत्य नारायण राठौर, युनुस परवेज अहमद, हेमंत देवांगन, जय कुमार देवांगन, हरिशंकर सिदार, महेंद्र चंद्रा, नमेंद्र मैत्री, राजेंद्र सिदार, राम कुमार आजाद, राहुल कुमार जांगड़े, भूपेंद्र बरेठ, श्याम सिंह मरकाम, अमित त्रिपाठी, मंगलू राम उरांव, सुनीता राठिया, स्वर्णलता जांगड़े उपस्थित रहे।

# शबरी मंदिर में हुआ भजन-कीर्तन का आयोजन

शिवरीनारायण। शबरी मंदिर खरौद में प्रत्येक माह के पूर्णिमा को महिला कीर्तन मंडलियों द्वारा बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ भजन कीर्तन किया जाता है। अगहन पूर्णिमा 15 दिसंबर को भी बड़ी संख्या में माताएं मंदिर में एकत्र होकर सु मधुर संगीत के साथ भजन किया। इस अवसर पर महामाया अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं भजन कीर्तन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने पूर्णिमा के महत्व को रेखांकित करते हुए सबको अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसी प्रकार भजन सत्संग करने का - आग्रह किया एवं गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते अनुरोध किया सदुपयोग करें एवं को रोकें, खुले हुए सभी माता से कि जल का पानी की बर्बादी नल के टोटी को बंद करें समाज सुधार की दिशा में नारी शक्ति का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वर्गीय जगदीश यादव की धर्म पत्नी के साथ नर्मदाबाई यादव, मानकी कुरें, रामप्यारी आदित्य, भगवती साहू, अमेरिका कुरें, सीताबाई आदित्य, जमुना बाई यादव, कांतिबाई नोनिया, त्रिवेणी आदित्य, रामेश्वरी प्रियंका आदित्य, श्रीमती लक्ष्मी सोनी, बुधवार बाई, सुमित्रा आदित्य, फागनीबाई, कमलाबाई, मदालसायादव, गौरी यादव, नर्मदा, त्रिवेणी यादव, सविता, रामेश्वरी श्रीवास, जीवनबाई, अहिल्याबाई, कांति बाई यादव, छठबाई, चमेली यादव, छोटी बाई देवांगन, मझलीबाई, भूरी बाई आदित्य, ललिता, शांति, फगनी चंद्रप्रभा यादव, शिवरात्रि यादव, हेमलाल यादव, कांति कुमार यादव व मनोहर लाल देवांगन उपस्थित थे।

## क्रीड़ा भारती के सुशील बने उपाध्यक्ष



जांजगीर चांपा। जांजगीर नैला हिंदुत्व के प्रहरी खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहक युवा समाजसेवी सुशील सिंह को जांजगीर चांपा के जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ठाकुर के द्वारा क्रीड़ा भारती के जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि सुशील सिंह ठाकुर भाजपा के सक्रिय सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका के साथ कार्य करते आ रहे हैं जिनकी सक्रियता को देखते हुए क्रीड़ा भारती का उन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है सुशील सिंह ठाकुर को इस नयुक्ति पर उनके दोस्तों एवं भाजपा के नेतागण एवं कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी है।

## घर घुसकर तोडफोड़ कर जलाई बाइक, आरोपी गिरफ्तार

मालखरौदा। घर घुस कर मारपीट कर मोटर साइकिल को जलाने एवं सिलाई मशीन को तोड़फोड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजर्ा दया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम सकर्रा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकर्रा निवासी प्रार्थी चंद्रकांत पांडेय पिता पदुम पांडेय ने 10 दिसंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि संतोष पाण्डेय पिता नारायण पाण्डेय उम्र 30 वर्ष द्वारा मारपीट करते जान से मारने की धमकी देते मोटर साइकिल को जला दिया एवं हाथ में रॉड रख कर सिलाई मशीन को तोड़फोड़ किया है। पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उसके निवास स्थान टीम भेजा गई, जहां आरोपी घर में मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को 17 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी मालखरौदा राजेश पटेल सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# दबाव में आबकारी के प्लेसमेंट कर्मचारी, समय पर वेतन भी नहीं

जांजगीर चांपा ।आबकारी विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारी इन दिनों दबाव में काम करने मजबूर हैं। एक ओर उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है तो वहीं दूसरी ओर सरकार हर रोज नए-नए नियम बना रही है। इसके चलते कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों का कहना है कि यदि ऐसी स्थिति रही तो कर्मचारियों को नौकरी छोड़नी पड़ सकती है। ज्ञात हो कि जिले में 44 शराब की दुकाने है। इसमें 12 से 14 कंपोजिट शराब दुकाने हैं। जहां एक ही दुकान में देसी व अंग्रेजी शराब की बिक्री की जाती है। इन दुकानों में प्लेसमेंट कर्मचारियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो पहले 12-12 घंटे की ड्यूटी इन पर भारी पड़ रही है। ऊपर से अब इन कर्मचारियों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक्स मशीन लगाई जा रही है। जिसमें उनकी 12-12 घंटे उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। वहीं बड़ी समस्या यह है कि इन कर्मचारियों को इतना काम करने के बाद भी उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। नवंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। वहीं बड़ी समस्या सामने में यह आने वाली है कि कर्मचारियों के सेटअप में कटौती की जा रही है। जिसमें एक दुकान में केवल दो कर्मचारी ही पदस्थ होंगे। इससे उन्हें काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। यदि दुकान में भीड़ उमड़ी को दो कर्मचारी कैसे सम्हाल पाएगा। जबकि इन कर्मचारियों को केवल शराब की बिक्री करने की जिम्मेदारी नहीं होती बल्कि लाखों की शराब बिक्री करने के बाद उतने का हिसाब भी देना पड़ता है।

हाईटेक जमाने के अनुसार अब शराब की बिक्री भी हाईटेक होते जा रही है। किसी दुकान में कितने और कौन से ब्रांड की शराब है उसे ऑनलाइन अपलोड करना होगा। किसी दुकान में कितनी शराब है और कौन कौन से ब्रांड की शराब है इसकी स्थिति ऑनलाइन दिखाना जरूरी है। कोई भी ग्राहक कभी भी किसी भी दुकान से शराब के स्टॉक की जानकारी ले सकता है।

## मांगलिक कार्य रुके, नए साल से पहले शुभ खरीदी के 4 योग

जांजगीर। गत सोमवार 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो गया। सूर्य धनु राशि में रविवार देर रात प्रवेशकर लिया था। अब 14 जनवरी (मकर संक्रांति) तक कथा-प्रवचन, नित्य पूजन, हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान छोड़कर मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इसके बावजूद इस एक महीने की अवधि में पड़ने वाले कई शुभ योगों में आवश्यक वस्तुओं की खरीदी और बुकिंग की जा सकती है।

2, 27, 29, 30 दिसंबर, 5, 7 और 11 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग है। इसे खरीदी के लिए शुभ माना जाता है। 7 और 11 जनवरी को अमृतसिद्धि, 17 और 18 दिसंबर त्रिपुष्कर योग, 17, 22 दिसंबर और 5 जनवरी को विशेष योग रहेगा। इन योगों में आवश्यक वस्तुओं की खरीदी कर पूजा घर में रखने के बाद इनका उपयोग करना शुभ रहेगा। खरमास में सूर्य की उपासना का विधान है। अनेक ज्योतिषियों का मत है कि अति आवश्यक होने पर खरमास(मलमास) में जो शुभ योग और शुभ मुहूर्त होते हैं, उनमें खरीदी करने पर कोई दोष नहीं लगता। नए वस्त्र और नए आभूषण खरीदे जा सकते हैं, पर उन्हें मकर संक्रांति के बाद धारण करना अत्यंत शुभ होगा।

भूमि, भवन और अन्य वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं। भूमि पूजन और नए भवन में प्रवेश खरमास समाप्त होने के बाद किया जाना चाहिए। पंडित विद्यानंद व्यास ने बताया कि इस बार सूर्यदेव का धनु राशि में बाघ पर सवार होकर प्रवेश हुआ है। उनका उप वाहन अश्व रहा। संक्रांति नक्षत्र घोरा नाम का है। इसके परिणाम स्वरूप सरकार और जनसामान्य के बीच कई लंबित मामले सुलझाने में सामंजस्य की स्थिति बनेगी। सूर्य पूरे वर्षभर बारह राशियों में यात्रा करते हैं। इसी क्रम में धनु राशि में भी पौष मास के आसपास प्रवेश करते हैं। जिसे धनुर्मास या खरमास कहा जाता है। इस समय चूंकि ग्रहाधिपति सूर्य गुरु(वृहस्पति) के राशि में होते है, इसलिए इस समय अध्यात्म, धर्म, दान पुण्य के लिए श्रेष्ठ होता है।

साल में दो खरमास, नहीं होते मांगलिक कार्य जब गुरु की राशि धनु में सूर्य आते हैं तब खरमास का योग बनता है। वर्ष में दो मलमास लगता है, जिनमें पहला धनुर्मास और दूसरा जमीन मास आता है। यानी सूर्य जब-जब बृहस्पति की राशियों धनु और मीन में प्रवेश करता है, तब खर या मलमास होता है। क्योंकि सूर्य के कारण बृहस्पति निस्तेज हो हो जाते हैं। इसलिए विवाह संस्कार कार्य निषेध माने जाते हैं।

7 मार्च को लगेगा होलाष्टक मार्च में 5 को शादी के लग्न हैं। इसके बाद 7 मार्च को होलाष्टक प्रारंभ हो जाएगा। इसकी वजह से शुभ मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। वहीं 14 मार्च को मीन मलमास शुरू हो जाएगा, जो 14 अप्रैल तक रहेगा।

## उपार्जन केन्द्र से 10 बोरी धान चोरी, नाबालिग गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। ग्राम लगरा में धान खरीदी उपार्जन केंद्र में धान चोरी करने का मामला सामने आया है। उपार्जन केन्द्र में मौजूद लोगों ने चोरी करने वालों में शामिल एक को नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वहीं दो अन्य आरोपी मौके फरार हो गए। पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

उपार्जन केंद्र में सीसीटीवी कैमरे में तीन चोर चोरी करते हुए देखे गए थे। इसके बाद सोमवार रात करीब नौ बजे भी एक बाइक से तीन लोग चोरी करने पहुंचे। उक्त लोग 7 बोरा धान चोरी कर ले जारहे थे, तभी मौके पर मौजूद लोगों ने इन चोरों को देख लिया। वहीं अन्य दो बाइक और धान छोड़कर मौके से फरार हो गए। नाबालिग आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वहीं अन्य दो की पहचान विक्की साहू और गोपाल साहू के रूप में हुई है। जो मुरलीडीह गांव के रहने वाले है। नाबालिक लड़के से पूछने पर बताया कि चोरी किए गए धान की बोरी को खपरी गांव के भीमा साहू के दुकान में जाकर बेचा करते थे। आरोपियों ने ग्राम खपरी के खरीदी केंद्र और घरों से भी धान की बोरी की चोरी की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी व्यपवर्तन अनुविभाग-पाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-: ईश्तहार :-

क्रमांक/14/सक्षम प्राधि./व्यपवर्तन/वा.1/2024
पाली, दिनांक 12.12.2024

रा.प्र.क्र. / अ-2/2024-2025
ग्राम : तिवरता, प.ह.नं.-06
रा.नि.मं.तिवरता, तह. हरदीबाजार
जिला- कोरबा (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार धुल्यानी पिता श्री दल्लूमल दुल्यानी जाति सिंधी निवासी ग्राम तिवरता, तहसील हरदीबाजार जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम तिवरता, प.ह.नं.06 रा.नि.मं. तिवरता तहसील हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नंबर 239/2 रकबा 0.053 हे. एवं आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 239/5 रकबा 0.020 हे. व आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 239/6 रकबा 0.101 हे. को वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ (पेट्रोल पम्प की स्थापना एवं संचालन हेतु) व्यपवर्तन किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।


उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सील

अ.वि.अ.(रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) अनुविभाग-पाली जिला- कोरबा (छ.ग.)


# सुबह 8.30 से शाम चार बजे तक 2 शिफ्ट में लगेंगे स्कूल

जांजगीर। तापमान में गिरावट के दौर जारी हैं। कड़ाके की ठंड और शीतलहर की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों के समय में बदलाव करने का आदेश जारी किया है। आदेश सरकारी स्कूलों के साथ ही प्राइवेट स्कूलों पर भी लागू होगा।



डीईओ ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार दो पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में सोमवार से शुक्रवार तक सुबह की पाली सुबह 8.30 बजे से 12 बजे तक व शनिवार को 12.15 से 4.15 बजे तक लगाने कहा है। वहीं दूसरी पाली में लगने वाले स्कूलों को सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर में 12.15 से 4.15 बजे तक लगाने कहा व शनिवार में सुबह 8.30 बजे से 12 बजे तय किया गया है। जहां स्कूल एक ही पाली में लगते हैं वहां सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल 10 से 4 बजे तक लगेंगे। वही शनिवार को ये 8.30 से 10.30 बजे तक लगाए जाएंगे। छोटे बच्चों को हो रही परेशानी कड़कड़ाती ठंड के बीच स्कूली बच्चों को रोज स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। सोमवार की सुबह सर्द हवाओं के बीच बच्चों को ठंड में ठिठुरते स्कूल जाना पड़ा। शीतलहर की स्थिति की वजह से गर्म कपड़े में भी बच्चे ठंड में कांपते नजर आए।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से जिले में रात का तापमान बढ़ा



जांजगीर। मंगलवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। सोमवार की तुलना में अधिकतम तापमान 1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री ज्यादा रहा। अधिकांश समय के लिए मौसम साफ रहा। उत्तर दिशा से हवा आने से लोगों को सुबह से रात तक ठंड का अहसास हुआ। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले तीन दिन लोगों को राहत मिल सकती है, क्योंकि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ 19 और 22 दिसंबर को देश के कई राज्यों से होकर गुजरने की संभावना है। इसके अलावा एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बना हुआ है।

जो आने वाले समय में मजबूत हो सकता है। दोनों सिस्टम के प्रभाव से हवा की दिशा में परिवर्तन होने की संभावना है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से मौसम में उतार-चढ़ाव होने का अनुमान है। अगले 24 घंटे अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

## अनमोल वचन......

घड़ी देखने में समय व्यर्थ ना करे वो तो चलती रहेगी आप अपना समय बदलने पर काम करो ।

## आंदोलन का प्रभाव सीमित ही बना हुआ

*तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 20 महीनों तक संघर्षरत रहने के बाद एसकेएम को कामयाबी मिली। लेकिन इस तरीके को हर संघर्ष की सफलता का सूत्र मान लेना कितना उचित है, इस पर एसकेएम के अ-राजनीतिक गुट को अवश्य विचार करना चाहिए।*

*अपने को गैर राजनीतिक कहने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) का संघर्ष लगातार गतिरोध का शिकार बना हुआ है, तो उसके पीछे खुद इस गुट की अपनी सोच कम जिम्मेदार नहीं है। एक तरीका एक मामले में सफल हुआ, तो उसे ही अन्य या कहीं व्यापक मुद्दों पर अपनाने की समझ समस्याग्रस्त है। 2020 में तीन कृषि कानून पारित होने से किसानों के सामने एक फौरी चुनौती पेश आई थी, जिस पर प्रतिरोध जताने के लिए के वे दिल्ली आए। चूंकि दिल्ली में उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया गया, तो तीन दिशाओं से आए किसान दिल्ली से लगी तीन सीमाओं पर बैठ गए। 20 महीनों इसी रूप संघर्षरत रहने के बाद उन्हें कामयाबी मिली। इसे हर संघर्ष में सफलता का सूत्र मान लेना कितना उचित है, इस पर अ-राजनीतिक गुट को अवश्य विचार करना चाहिए। इस गुट ने बाकी समूहों की तुलना में खुद को अधिक रैडिकल दिखाने के लिए एसकेएम की एकता तोड़ दी। जब एसकेएम ट्रेड यूनियनों और अन्य जन संगठनों के साथ मिल कर अपने आंदोलन को बड़ा संदर्भ देने की दिशा में बढ़ रहा था, तब इस समूह ने दलील दी कि किसानों को किसान मुद्दों तक ही सीमित रखना चाहिए। इस रूप में देश की राजनीतिक-अर्थव्यवस्था के वर्तमान स्वरूप के प्रति इस समूह एक तरह का भोलापन दिखाया। अपनी मांगों को मनवाने के लिए उसने फिर दिल्ली कूच किया, जिसे हरियाणा के पहले ही शंभू बॉर्डर पर रोक दिया गया। तब से वे हीं बैठे रहे हैं। अब छह दिसंबर से उन्होंने फिर से दिल्ली आने की मुहिम शुरू की है, जिसको लेकर दो दिन उनका पुलिस से टकराव हो चुका है। किसानों की मांगों में एमएसपी की कानूनी गारंटी, कृषि कर्ज माफी, बिजली की कीमतें ना बढ़ाना, किसान और खेत में काम करने वाले मजदूरों के लिए पेंशन जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा वे 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 को बहाल करने और 2020-21 के आंदोलन में मरे किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। फिर भी आंदोलन का प्रभाव सीमित ही बना हुआ है।*

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें। आज कार्यस्थल पर मन लगाकर काम करेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी, जिससे इनकम अच्छी खासी होगी।

तुला राशि-आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज किसी रिश्तेदार को दिए पैसे वापस मिलेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन नई उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे। यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी।

धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। आज बड़ों की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

मकर राशि-आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में संतोष की वृद्धि होगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।

मीन राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। पढ़ाई में दोस्तों का सहयोग प्राप्त होगा।

# अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस

//उमेश चतुर्वेदी//

**अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया।**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं। उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी

काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है। वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है। ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है। उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ-कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था।

बहुसंख्यक सोच जबकि इसके खिलाफ थी, कुछ इसी तरह शेखर यादव के बयान कोलेकर महाभियोग चलाने के फैसले से बहुसंख्यक वोट बैंक सहमत नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को लेकर बहुसंख्यक समाज में विरोध के सुर भले ही खुले तौर पर ना उठें, लेकिन चुनावी मैदान में इसे लेकर बहुसंख्यक वोट बैंक अपना गुस्सा निकाल सकता है। फिर भी कांग्रेस अपनी हार के लिए अपने रूख को लेकर सवाल नहीं उठाएगी, अपने भीतर झांकने की कोशिश नहीं करेगी,बल्कि वह ईवीएम को ही बहाना बनाएगी। बहरहाल उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद कांग्रेस को सबक सीखना होगा। उसे स्वीकार करना होगा कि उसकी बेतुकी बयानबाजी पर सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, उसके साथियों को भी एतराज है। उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि अगर उसने नीतियां नहीं बदलीं तो उसके नेतृत्व को लेकर विपक्षी गठबंधन में भरोसा कायम नहीं रह पाएगा। जिसका असर आने वाले दिनों में होने जा रहे दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों में दिख सकता है।

# चुनावी राजनीति में सॉफ्ट टारगेट क्यों बनती जा रही हैं महिलाएं

//संतोष पाठक //

**भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।**



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है। राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो क़िस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है।

हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। चुनावी शोर, चुनावी वादें और चुनावी जीत की गहमा-गहमी के बीच असली मुद्दे कहीं गौण होते नजर आ रहे हैं।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इस तरह की योजनाएं चुनाव के पहले ही क्यों शुरू की जाती है। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 1000, 1500, 2100 या 3000 रुपए की राशि से सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाता है।

वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी निहित होती है लेकिन विडंबना देखिए कि सरकारों ने इन मुद्दों पर स्थायी काम करने की बजाय कामचलाऊ हल ढूंढ लिया है। सरकार और देश के राजनीतिक दल, लोगों को फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी देने से बचने के लिए बाकी हर चीज मुफ्त में देने को तैयार है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं । प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है। जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की पढ़ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है। सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है। नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं। क्योंकि अगर आप जोड़ कर देखेंगी तो ये सभी खर्च मिलाकर आपको महिला सम्मान या लाडली बहना योजना के नाम पर मिलने वाली राशि से कई हजार गुना ज्यादा बैठ जाएगी।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास पर कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा संसद भवन के तीसरे सत्र के दौरान बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करती हुई।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली में संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।



जयपुर में एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य के साथ।



जयपुर में एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य।



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर में प्रार्थना की।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लंबे समय से निजी सहयोगी रहे पीपी माधवन को केरल के त्रिशूर स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संविधान निजी संपत्ति नहीं, मुस्लिम पर्सनल लॉ से की तुष्टिकरण की शुरुआत, कांग्रेस पर बरसे शाह



नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

संविधान पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष ने जिस तरह से कांग्रेस की मंशा पर लगातार सवाल उठाए, उसकी ताप गृह मंत्री अमित शाह ने और बढ़ा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए संविधान का अर्थ सिर्फ इतना था कि सत्ता में बने रहने के लिए जब चाहो संशोधन कर दो। तुष्टीकरण की शुरूआत भी इसीलिए हुई थी।तीखे स्वर में उन्होंने कांग्रेस से कहा- यदि कांग्रेस आज मुस्लिम पर्सनल लॉ का समर्थन कर रही है तो फिर पूरा शरीया ही क्यों नहीं दे दिया। निकाह और वारिस के लिए पर्सनल लॉ चाहिए तो अपराध में क्यों नहीं। अपराध करने पर पत्थर मारोगे, सूली पर चढ़ाओगे। शाह ने कहा कि भाजपा ने जब कभी संशोधन किया तो देश के लिए किया। उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने मॉडल यूसीसी बनाया है। इसकी विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के बाद भाजपा सरकार इसे सभी राज्यों में लागू करेगी। गृह मंत्री ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया कि वह आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इसके पीछे इनकी मंशा मुस्लिमों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है, लेकिन दोनों सदनों में जब तक भाजपा का एक भी सदस्य रहेगा, तब तक धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं को आरक्षण में चुनाव जीतने का फार्मूला दिखाई दे रहा है, जबकि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण की विरोधी रही है। इससे पहले विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कटाक्ष किया कि पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी। उन्होंने संविधान संशोधन पर कांग्रेस का घेराव जारी रखते हुए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों और भाजपा सरकार द्वारा किए गए संशोधनों की तुलना की। कहा कि हमारे संविधान को कभी भी अपरिवर्तनशील नहीं माना गया। समय के साथ देश, समाज और कानून बदलना चाहिए। इसे संविधान सभा ने स्वीकार किया था, इसलिए संविधान संशोधन का प्रविधान किया था। राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसा कि एक 54 साल के युवा घूमते रहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी। वह जान लें कि संविधान बदलने का प्रविधान संविधान में ही है। भाजपा ने 16 साल शासन किया और 22 बार संविधान में परिवर्तन किया। कांग्रेस ने 55 साल में 77 संशोधन किए। परिवर्तन करने का उद्देश्य क्या था। क्या लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए किए गए। या अपनी राज्यसत्ता को बचाने के लिए किया गया। इसी से पार्टी का चरित्र और संविधान में विश्वास का पता चलता है।गृह मंत्री गुलामी की मानसिकता से आजादी के कुछ उदाहरण गिनाने के साथ ही आरोप लगाया कि आजादी के इतने साल बाद भी शाम पांच बजे बजट इसलिए रखा जाता था, क्योंकि उस समय इंग्लैंड की महारानी की घड़ी में सुबह के 11 बजते थे।

## जनरल इगोर किरिलोव की मौत का बदला लेगा रूस, मॉस्को में हाई प्रोफाइल मीटिंग, कीव पर भयंकर पलटवार की तैयारी



**मॉस्को 18 दिसम्बर।** रूसी सेना के टॉप जनरल इगोर किरिलोव (54) की मंगलवार सुबह एक बम धमाके में मौत हो गई। ड्राइवर के साथ जब वह इमारत से निकल रहे थे, बाहर खड़े एक ई-स्कूटर में लगा आइइडी, रिमोट बटन दबाए जाने के बाद जोरदार धमाके के साथ फट गया, जिसमें चालक समेत इगोर की मौत हो गई।इगोर की हत्या के बाद रूसी सैन्य अधिकारियों की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा के साथ बदला लेने पर उच्च स्तरीय बैठकें हो रही हैं। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और वर्तमान में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि अब यूक्रेन के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

## यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद की मौत की सजा, सुनाई 25 साल की सजा



कोलकाता, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

अवैध बांग्लादेशी निवासियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनाने के मामले में मंगलवार को बंगाल से डाक विभाग के एक और संविदा कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान तारकनाथ सेन के रूप में हुई है।सेन डाक विभाग से जुड़ा दूसरा संविदा कर्मचारी है, जिसे पिछले 48 घंटों के दौरान कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। 15 दिसंबर को फर्जी पासपोर्ट रैकेट के सिलसिले में समरेश बिस्वास और दीपक मंडल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके पहले समरेश के बेटे रिपन को गिरफ्तार किया गया था। दीपक भी डाक विभाग का संविदा कर्मचारी था।पुलिस के सूत्रों ने कहा कि डाक विभाग के दो संविदा कर्मचारियों की लगातार गिरफ्तारी से यह आशंका और मजबूत हो गई है कि इस तरह के रैकेट ने उक्त विभाग के कुछ अंदरूनी लोगों के बीच एक नेटवर्क विकसित कर लिया है। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या उक्त विभाग के कुछ स्थायी कर्मचारी भी इस रैकेट में शामिल थे। जांच अधिकारियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेजों की व्यवस्था करने वाले इन रैकेटों के कामकाज में कई सामान्य पैटर्न की पहचान की है। हाल ही में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के पूर्व सहयोगी सलीम मतब्बर को मध्य कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था।पुलिस ने उसके कब्जे से एक फर्जी भारतीय पासपोर्ट भी बरामद किया। जांच में पता चला कि मतब्बर ने अवैध रूप से सीमा पार करने के बाद भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिले नदिया से संचालित एक रैकेट से अपने फर्जी भारतीय दस्तावेज हासिल करने में कामयाबी हासिल की।बंगाल में सीबीआई के कार्यालय में 200 से ज्यादा भ्रष्टाचार के मामले बंद पड़े हैं। दरअसल 2018 के बाद से राज्य सरकार ने केंद्रीय एजेंसी के मामलों में अपनी सहमति देना बंद कर दिया है।

इसके कारण गत छह वर्षों में सीबीआई की फाइलों में शिकायतों का अंबार लग गया है। इनमें ज्यादातर वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े मामले हैं।सीबीआई सूत्रों के मुताबिक संविधान के मुताबिक सभी राज्यों में दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, 1946 की धारा पांच और छह के तहत केस दर्ज करना होता है। अनुच्छेद संख्या छह में कहा गया है कि वित्तीय भ्रष्टाचार सहित किसी भी अन्य मामले में संबंधित राज्य की सहमति के बिना कोई एफआइआर दर्ज नहीं की जा सकती है।1989 से सीबीआई बंगाल में केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के विभिन्न आरोपों की जांच कर रही है। 2018 तक राज्य द्वारा अनुपालन में कोई बाधा नहीं थी। राज्य में चार में से तीन सीबीआई कार्यालय वित्तीय धोखाधड़ी की जांच करते हैं। बैंक धोखाधड़ी से लेकर केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों के भ्रष्टाचार, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की जांच इन तीन विभागों के दायरे में आती है।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव की रामनाथ कोविंद ने की वकालत, बोले- इससे जीडीपी 1.5 फीसदी बढ़ जाएगी



कोलकाता, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने मंगलवार को कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव संबंधी केंद्र का प्रस्ताव अगर लागू हो जाता है, तो इससे चुनाव प्रक्रिया को प्रोत्साहन मिलेगा और देश के आर्थिक विकास में भी यह मददगार साबित होगा।कोविन्द देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष थे। समिति का गठन भारत सरकार ने सितंबर 2023 में किया था। कोविन्द ने यहां एक आदिवासी संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब 2029-2030 में या उसके बाद यह प्रस्ताव पूरी तरह से लागू हो जाएगा, तो मतदाताओं को हर साल एक या दूसरे चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा। इससे आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर मौजूदा 7.23 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत तक और बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि सोचिए यदि मौजूदा जीडीपी में 1.5 अंक जोड़ दिए जाएं, तो 10 प्रतिशत (जीडीपी) के आंकड़े तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। तब हमारा देश दुनिया की शीर्ष तीन-चार आर्थिक महाशक्तियों में शामिल हो जाएगा। अगर उम्मीदवारों को हर साल लोगों से वोट मांगना है, तो उन्हें यह बताना होगा कि विकास का वादा क्यों नहीं पूरा किया गया। हर साल होने वाले चुनावों के कारण लोग कभी-कभी मतदान केंद्रों पर जाने से कतराने लगते हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र पर गंगासागर मेले की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कुंभ समेत विभिन्न मेलों को केंद्र से प्रचुर आर्थिक मदद मिलती है लेकिन गंगासागर मेले के लिए आजतक एक पैसा नहीं दिया। वह लंबे समय से इसे राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग करती आ रही हैं। केंद्र ने इसे भी पूरा नहीं किया।ममता ने कहा कि गंगासागर मेला विश्व के सर्वोत्तम मेलों में से एक है। देश के अन्य मेलों में जाने के लिए सड़क व रेलमार्ग हैं, लेकिन गंगासागर जलमार्ग से ही पहुंचा जा सकता है।

# ईरान ने वापस लिया हिजाब कानून, दुनियाभर में निंदा के बाद बदला फैसला

नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।



ईरान ने विवादास्पद हिजाब कानून को वापस ले लिया है। दुनियाभर में इस कानून की लगातार निंदा की जा रही थी। कुछ दिन पहले एक महिला गायक को बिना हिजाब के परफॉर्मेंस देने पर गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद बहस ने जोर पकड़ लिया था। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने विवादास्पद हिजाब कानून के कार्यान्वयन को रोक दिया है, यह कानून शुक्रवार को लागू होने वाला था। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कानून के बारे में कहा कि इसमें सुधार की आवश्यकता है। पेजेशकियान ने इस साल की शुरुआत में अपने राष्ट्रपति अभियान के दौरान हिजाब को लेकर देश में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे अतीत में महिलाओं के सिर से हिजाब को जबरन नहीं हटा सकते थे, उसी तरह अब वे इसे उन पर थोप नहीं सकते। हमें अपनी महिलाओं और बेटियों पर अपनी इच्छा थोपने का कोई अधिकार नहीं है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उनका वादा उन युवा लड़कियों और महिलाओं को रास आया जो पहले से ही सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निराश थीं।हिजाब विवाद 2022 से चल रहा है, जो महसा अमिनी की मौत से शुरू हुआ था, जिनकी ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के बाद पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, महिलाओं ने सरकार को चुनौती दी है और हिजाब नियमों का उल्लंघन किया। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी गुटों के प्रतिबंधों और दबाव के बावजूद ईरान में युवा लोग निडर दिखाई दिए थे और सरकार के सामने खड़े हो गए थे।ईरान में यूट्यूब सिंगर को बिना हिजाब पहने कॉन्सर्ट करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। ईरानी अधिकारियों ने एक महिला सिंगर को गिरफ्तार किया , जिसने ड्ढश्वह्वञ्जह्वड्ढद्ग पर वर्चुअल कॉन्सर्ट किया था। उनके वकील मिलाद पनाहीपुर के अनुसार, परस्तू अहमदी को शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 280 किमी दूर माजंदरान प्रांत के सारी शहर में हिरासत में लिया गया था।उनकी गिरफ्तारी गुरुवार को उनके कॉन्सर्ट को ऑनलाइन पोस्ट करने के बाद हुई, जहां उन्हें चार मेल सिंगर्स के साथ बिना आस्तीन की कॉलर वाली ब्लैक ड्रेस पहने खुले बालों में प्रदर्शन करते देखा गया था। महिला का नाम अहमदी बताया जा रहा है, उन्होंने अपनी सिंगिग को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी लिखा।

# 19 कोचिंग संस्थानों पर 61 लाख का जुर्माना भ्रामक विज्ञापन दिखाकर छात्रों से ठगी का आरोप

नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

केंद्र सरकार ने 45 ऐसे कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने अभ्यर्थियों को भ्रामक विज्ञापनों के जरिए सब्जबाग दिखाकर उनसे ठगी की है। दोषी पाए गए 19 संस्थानों से 61 लाख 60 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। साथ ही छले गए अभ्यर्थियों को एक करोड़ 15 लाख रुपये वापस दिलवाए हैं। प्राधिकरण ने कोचिंग सेंटरों को भ्रामक विज्ञापन से बचने और तय नियमों के अनुपालन की चेतावनी दी है।केंद्रीय उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यसभा में बताया कि यह कार्रवाई छात्रों के हित में की है। उपभोक्ताओं की रक्षा के लिए नए कानून बनाए जा रहे हैं। वस्तुतः प्राधिकरण को लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कि कई कोचिंग सेंटर भारतीय प्रशासनिक सेवा (यूपीएससी), आईआईटी एवं अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से असत्य दावे-वादे करते हैं। उन्हें लुभाते हैं और अपने संस्थान में नामांकन के लिए प्रेरित करते हैं। सफल अभ्यर्थियों पर दावा जताते हैं। उन्हें अपने संस्थान का बताकर दूसरे अभ्यर्थियों को नामांकन के लिए प्रेरित करते हैं। कोचिंग सेंटरों के इसी खेल को बंद करने के लिए प्राधिकरण ने पिछले महीने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत 45 संस्थानों को नोटिस जारी कर भ्रामक विज्ञापन एवं अनुचित व्यापार बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही छले गए अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के जरिए फीस वापसी में मदद की है।यह रकम कुल एक करोड़ 15 लाख रुपये है। दरअसल, उपभोक्ता हितों का ख्याल करते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) बनाई है, जो मुकदमेबाजी से पहले उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए एकल संपर्क सेंटर के रूप में काम करती है।देश भर के उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1915 के जरिए 17 भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। करीब एक हजार से ज्यादा कंपनियों ने एनसीएच के साथ खुद को संबद्ध किया है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का अपनी निवारण प्रक्रिया के हिसाब से समाधान देती हैं। प्राधिकरण ने जिन संस्थानों पर जुर्माना लगाया है।

## राहुल गांधी ने पोस्ट किया बूलगढ़ी का वीडियो बोले- परिवार को दूसरी जगह बसाएंगे



हाथरस, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

चार वर्ष पहले जिले के बूलगढ़ी में हमले से मृत युवती के परिवार का दर्द कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी लगातार उठा रहे हैं। पांच दिन पहले पीड़ित परिवार से मिलने का वीडियो मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें परिवार का दर्द सुनने और महसूस करने की बात लिखी है। यह भी लिखा है कि परिवार आज भी दहशत में हैं। परिवार की स्थिति इस बात की पुष्टि करती है कि अनुसूचित जाति को न्याय मिलना बेहद मुश्किल है। वह परिवार के साथ हैं। परिवार को दूसरे स्थान पर घर देंगे साथ ही हर ज़रूरी सहायता देंगे। इससे पहले वे इस मामले को संसद में भी उठा चुके हैं।मृत युवती के परिजनों से वे गुरुवार को गांव आकर मिले थे। वह 45 मिनट तक उनके घर रुके। एक्स पर पोस्ट किए गए करीब 12 मिनट के वीडियो में वे परिवार से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें युवती के परिजनों कह रहे हैं कि देश-दुनिया ने देखा है कि रात में बेटी का अंतिम संस्कार किया गया। प्रशासन ने जो लापरवाही की, उन पर भी कार्रवाई नहीं की गई। हम हिंदू हैं हमारी कुंवारी बेटी को पेट्रोल डालकर जला दिया गया। ये कैसी नारी सुरक्षा है। संविधान के हिसाब से कुछ नहीं चल रहा है। सरकार अपनी मर्जी से चलाई जा रही है। हम छोटी जाति से हैं तो इसमें हमारा क्या कसूर है। वीडियो में युवती की मां कह रही हैं कि अगर मेरी बेटी के साथ ये सब न हुआ होता तो मैं बेटी का विवाह कर देती। हम लोगों को बहुत सताया गया है। उन्होंने दुनिया को दिखाया कि हमारे परिवार को उन्होंने नौकरी दी है, घर दिया है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ ही नहीं है। पीड़िता की भाभी कह रही हैं कि 25 लाख रुपये हमें दे दिए गए, हम चार साल से कैद काट रहे हैं। क्या योगी जी इन पैसों से कैद काट सकते हैं। अगर उन्होंने कुछ दिया होता तो पिछले चार साल से हम जेल जैसा जीवन नहीं बिता रहे होते। बाजार से सामान लेने जाना हो तो सीआरपीएफ को लेटर लिखना पड़ता है। एक आरोपी जेल में है। तीन छूट कर बाहर आ गए हैं। गांव में अनुसूचित जाति के चार घर हैं। दो घर के लोग डर की वजह से यहां से चले गए हैं। न्यायालय ने आदेश दिया है कि परिवार के एक सदस्य को नौकरी और घर दिया जाए वह भी नहीं मिला है।

## बातचीत के लिए ये ऐप यूज करते हैं लॉरेंस बिश्नोई के शूटर और गुर्गे, भारत में है बैन, नहीं पता चलती लोकेशन

नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।

दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर्स के प्रमुख शूटरों व उनके गुर्गों से जुड़ी महत्वपूर्ण बात सामने आई है कि यह लोग आपस में संवाद (बातचीत) के लिए जंगी ऐप का उपयोग कर रहे थे। चाहे वह लॉरेंस बिश्नोई समूह हो या उसका प्रतिद्वंद्वी बंबिहा सिंडिकेट। दिल्ली-एनसीआर और अन्य जगहों पर सक्रिय उनके गठबंधन, गैंगस्टर और उनके गुर्गे आपस में संवाद करने के लिए अर्मेनियाई एप्लिकेशन जंगी का इस्तेमाल करते पाए गए, जिससे उन पर निगरानी नहीं रखी जाए।कुछ महीने पहले, दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के दो शूटरों को गिरफ्तार किया थो, जिसमें पता चला था कि वह जंगी पर संवाद कर रहे थे। एक जांचकर्ता ने कहा कि एप्लिकेशन में भाऊ के निर्देश थे कि वे अलग-अलग स्थानों पर जोड़े में रहें, चुपके से हथियार इकट्ठा करें और अपराध करने के बाद सबूत नष्ट करें।यह शूटर सिम कार्ड का उपयोग नहीं करते थे, बल्कि राहगीरों से वाई-फाई पर निर्भर थे और गोपनीयता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से डेटा डिलीट करते थे। इसी तरह, भाऊ का एक और शूटर सुभाष, जो हत्या और जबरन वसूली के एक दर्जन से अधिक मामलों में शामिल था, सरगना से जुड़ने के लिए जंगी का इस्तेमाल करता पाया गया था। हाल ही में पश्चिमी दिल्ली में दो व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर गोलीबारी की घटनाओं में शामिल गैंगस्टर कपिल सांगवान के गुर्गे या बर्गर किंग शूटर भी ऐप पर संवाद करते पाए गए थे। पिछले महीने पकड़े गए गोगी गिरोह के कुछ सदस्य भी इसी ऐप पर संवाद करते पाए गए थे।पुलिस के अनुसार, ऐप का अनट्रेसेबल नेटवर्क उनके लिए उपयोगकर्ताओं को ट्रैक करना और उनके ठिकानों का पता लगाना मुश्किल होता है। आमतौर पर, पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए संदिग्ध के मोबाइल या इंटरनेट नेटवर्क पर निर्भर करती है। हालांकि, जंगी किसी को अपना मोबाइल नंबर या ईमेल बताए बिना ऐप का उपयोग करने की अनुमति देता है।इसके बजाय, यह अपना स्वयं का 10-अंकीय नंबर जेनरेट करता है, जिससे अपराधी अपने मोबाइल नंबर बताए बिना अपने सहयोगियों से संवाद कर सकते हैं। प्राप्तकर्ता की स्क्रीन पर केवल जेनरेट किया गया नंबर ही दिखाई देता है।आरोपियों के बीच इसकी लोकप्रियता के बारे में बताते हुए साइबर सेल के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस ऐप में, जब आप कोई मैसेज भेजते हैं, तो वह सर्वर से होकर आपके इच्छित लक्ष्य तक पहुंचता है। जैसे ही मैसेज डिलीवर होता है, वह सर्वर से डिलीट हो जाता है।इसलिए, मैसेजिस को ट्रैक नहीं किया जा सकता है और केवल प्राप्तकर्ता और भेजने वाला ही उन्हें या आडियो/वीडियो कॉल तक पहुंच सकते हैं।

# यौन उत्पीड़न और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद की मौत की सजा, सुनाई 25 साल की सजा

नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2016 में एक चार साल के लड़के के साथ यौन उत्पीड़न और हत्या मामले में आरोपित को दी गई मौत की सजा को रद कर दिया। उसे बिना किसी छूट के 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने सजा सुनाई है। उन्होंने कहा कि यह कोई ऐसा मामला नहीं था, जहां सुधार की संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया जाए। पीठ ने बताया कि यह मामला दुर्लभतम की श्रेणी में नहीं आता है। पीठ ने कहा कि अपराध की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए बिना छूट के एक एक निर्धारित अवधि के लिए कारावास की सजा अकेले अपराधी के लिए काफी है। इससे जनता का विश्वास भी कम नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए दोषी संभु भाई राय संगभाई पढियार की अपील पर फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने आरोपित को आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मौत की सजा दी थी। गौरतलब है कि गुजरात के भरूच जिले में 2016 में आरोपित पढियार ने एक चार साल के मासूम लड़के को आइसक्रीम को लालच देकर उसका अपहरण किया और बाद में उसका यौन उत्पीड़न करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

# भारत को खनिजों के लिए प्रोसेसिंग यूनिट की जरूरत, 2030 तक बढ़ेगी मांग

नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।



केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश में सौर ऊर्जा की क्षमता तीन गुना, कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी बढ़ा कर 50 फीसदी करने जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर काम कर रही है।लेकिन अगर इन उद्योगों के लिए जरूरी कच्चे मालों की प्रोसेसिंग की क्षमता देश में स्थापित नहीं की गई तो भारत काफी हद तक इनके आयात पर ही निर्भर रहेगा। अर्जेंटीना के बाद सरकारी कंपनी खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) अब ऑस्ट्रेलिया में भी बहुमूल्य खनिजों के कुछ नये खदान खरीदने के करीब है। लेकिन इसका फायदा तभी मिलेगा, जब इनके शोधन के लिए जरूरी प्रोसेसिंग इकाई भारत में लगे। अगर देश में प्रोसेसिंग क्षमता नहीं लगेगी, तो इन खनिजों को चीन भेजना पड़ेगा।यह बात मंगलवार को यहां ग्लोबल डायलॉग ऑन इनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन सेमिनार में शामिल हुए विशेषज्ञों और केंद्र सरकार के बिजली मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और खान मंत्रालय के आला अधिकारियों ने कही।भारत जिस तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है उसे देखते हुए यहां बहुमूल्य खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की मांग कई गुना बढ़ने वाली है।

वेदांता समूह के आंकलन के मुताबिक, अभी देश में तांबे की मांग सात लाख टन सालाना है जो वर्ष 2030 तक 15 लाख टन, बैट्री उद्योग में लगने वाले लिथियम की मांग अभी महज 4.90 लाख टन है, जो वर्ष 2030 तक बढ़ कर 20 लाख टन हो जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन व संचार उद्योग के लिए जरूरी निकल की मांग अभी चार लाख टन है, जो बढ़ कर आठ लाख टन, कोबाल्ट की मांग इस दौरान 1.40 लाख टन से बढ़ कर पांच लाख टन हो जाने की उम्मीद है। अभी इन खनिजों के लिए भारत पूरी तरह से बाहर से आयात पर निर्भर है।दो वर्ष पहले केंद्र सरकार ने देश की औद्योगिक जरूरत के हिसाब से 30 क्रिटिकल माइन्स की पहचान की है और विदेश में क्रिटिकल माइन्स के अधिग्रहण के लिए काबिल नाम की सरकारी कंपनी का गठन भी किया है।खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव दिनेश माथुर का कहना है कि, बजट 2024-25 में सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिशन की घोषणा की है, जिसका मकसद घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही विदेशों में इन खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। हाल ही में अर्जेंटीना में इस तरह के पांच खानों के अधिग्रहण की सफलता मिली है और हम ऑस्ट्रेलिया में कुछ खानों के अधिग्रहण के करीब हैं। लेकिन इनके लिए हमें भारत में इनकी प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करनी होगी।

इसका कोई फायदा नहीं होगा कि हम दूसरे देश में खान खरीदें और उसकी प्रोसेसिंग फिर किसी दूसरे देश में हो। सनद रहे कि दुनिया में जितने क्रिटिकल मिनरल्स हैं, उनका 60 से 90 फीसदी तक प्रोसेसिंग चीन में की जाती है। इन प्रोसेसिंग यूनिट को लगाये बिना भारत में सौर उर्जा या इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने का मतलब होगा कि चीन से आयात को बढ़ाना।भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका व दक्षिण अमेरिका के कुछ देशों के साथ क्रिटिकल मिनिरल्स शोध व उत्खनन में सहयोग के लिए रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत की है। साथ ही घरेलू स्तर पर भी पिछले एक वर्ष को दौरान 24 क्रिटिकल खानों में खनन का ठेका कंपनियों को दिया है। जम्मू व कश्मीर में लिथियम का एक भंडार भी मिला है।



## फियर के साथ साल का अंत करना शानदार रहा : वेधिका कुमार

अभिनेत्री वेधिका कुमार अपनी हालिया रिलीज फियर को लेकर उत्साहित हैं। साल के अंत को लेकर अभिनेत्री ने कहा, फियर के साथ साल का अंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद और शानदार रहा। अभिनेत्री ने हालिया रिलीज फियर के साथ इस साल रिलीज अपनी अन्य पांच फिल्मों के बारे में भी बताया।

वेधिका ने कहा, जब ईश्वर की कृपा होती है, तो जादू होता है। 2023 से मेरी यात्रा ऐसी ही रही है और मैं अपने प्रशंसकों, दुनिया और अपने शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता से भरी हुई हूं। एक साल में पांच फिल्में रिलीज होना वास्तव में खास है, खासकर जब हर प्रोजेक्ट मुझे अलग-अलग तरीकों से चुनौती देता है और मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साल की मजबूत शुरुआत करना और अब इसे फियर के साथ समाप्त करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद लगता है। मैं सराहना के लिए आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि यह गति मुझे 2025 में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। 'फियर' का ट्रेलर आर. माधवन ने जारी किया था। वेधिका उनके साथ गर्मजोशी से भरा गहरा रिश्ता शेयर करती हैं। वेधिका की झोली में कई शानदार प्रोजेक्ट हैं। इसमें एक तमिल फिल्म भी शामिल है। वेधिका कुमार मुख्य रूप से तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। अपने शोबिज करियर की शुरुआत में वह ज्यादातर मॉडलिंग असाइनमेंट में दिखाई दीं।

# खूबसूरती बढ़ाने के लिए करवा रही हैं वैम्पायर फेशियल तो जानिए जरूरी बातें



बॉलीवुड और हॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियां इन दिनों अपनी त्वचा को जवान बनाए रखने के लिए वैम्पायर फेशियल करवा रही हैं।यह सुनने में अजीब लगता है, लेकिन इसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस फेशियल में त्वचा की देखभाल के लिए खून का इस्तेमाल किया जाता है।इसके कई चमत्कारी फायदे होते हैं, लेकिन इसके कुछ हानिकारक प्रभाव भी हो सकते हैं। आइए वैम्पायर फेशियल के विषय में विस्तार से जानते हैं।

**क्या होता है वैम्पायर फेशियल?**

वैम्पायर फेशियल को पीआरपी फेशियल भी कहा जाता है। यह एक कॉस्मेटिक प्रक्रिया है, जिसमें ग्राहक के शरीर से थोड़ी मात्रा में रक्त निकाला जाता है।इसके बाद इसमें से प्लेटलेट-समृद्ध प्लाज्मा निकालने के लिए इसे संसाधित किया जाता है। अब शरीर के एक हिस्से से निकाले गए इस खून को चेहरे पर इंजेक्ट किया जाता है।इंजेक्शन की सुइयां त्वचा में छोटे-छोटे छेद करती हैं, जिससे त्वचा नए कोलेजन और इलास्टिन के साथ खुद को स्वस्थ बनाती है।

**फेशियल के जरिए मिलते हैं ये मुख्य फायदे**

वैम्पायर फेशियल कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करता है, जो त्वचा की बनावट और टोन में सुधार कर सकता है। इस प्रक्रिया के जरिए चेहरे पर दिखने वाली महीन रेखाएं और झुर्रियां ठीक हो जाती हैं।जिन लोगों को मुंहासों की समस्या होती है, उन्हें वैम्पायर फेशियल के जरिए मदद मिल सकती है। यह फेशियल ग्राहक के खून से होता है, इसलिए इसे एलर्जी प्रतिक्रियाओं के न्यूनतम जोखिम के साथ एक प्राकृतिक उपचार माना जाता है।

**फेशियल से हो सकते हैं ये नुकसान**

वैम्पायर फेशियल के फायदों के साथ-साथ कुछ नकारात्मक प्रभाव भी होते हैं। इस फेशियल के बाद आपको लालपन और सूजन का अनुभव हो सकता है।इंजेक्शन वाली जगह पर हल्की सूजन आना आम है और यह कुछ दिनों में कम हो जाती है। इसके अलावा कुछ लोगों को असुविधा और मुंहासें भी हो सकते हैं।यह इंजेक्शन द्वारा होने वाली प्रक्रिया है, जिससे एचआईवी हो सकता है।आप रेड लाइट थेरेपी के जरिए भी त्वचा को जवान बना सकती हैं।

**फेशियल करवाने में लगती है इतनी लागत**

वैम्पायर फेशियल या पीआरपी थेरेपी की लागत स्थान, डॉक्टर और उपचार की सीमा जैसे कारकों के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। हालांकि, इसकी कीमत 30,000 रुपये से लेकर 80,000 रुपये से भी अधिक हो सकती है।

**फेशियल के दौरान कैसे सुनिश्चित करें अपनी सुरक्षा**

आपको वैम्पायर फेशियल करवाने के लिए बोर्ड-प्रमाणित त्वचा विशेषज्ञ के पास ही जाना चाहिए। इसके अलावा आप एक लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक या नर्स से क्क्क्क फेशियल ले सकते हैं।ऐसे डॉक्टर कड़े प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं, जिसके कारण आपको चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

किसी पार्लर या बयूटीशियन से यह प्रक्रिया न करवाएं, नहीं तो स्वास्थ्य जोखिम बढ़ सकते हैं।आप अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फेशियल कपिंग का भी सहारा ले सकते हैं।



## क्या अकेले रहने से डिप्रेशन में जाने का खतरा ज्यादा होता है?

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में कई लोग अकेले रहना पसंद करते हैं या उन्हें अकेले रहना पड़ता है. अकेले रहने से आपको आजादी और शांति मिलती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इसका आपकी मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ सकता है? अकेलापन और डिप्रेशन के बीच क्या संबंध है? अकेले रहना क्या सच में डिप्रेशन का खतरा बढ़ा सकता है?

**अकेलापन और मेंटल हेल्थ**

अकेले रहना कभी-कभी अच्छा लगता है क्योंकि इससे हमें अपनी आजादी मिलती है और हम अपने हिसाब से जिंदगी जी सकते हैं. लेकिन अगर आप लंबे समय तक अकेले रहते हैं, तो इससे आपकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है. अकेलेपन से आपको उदासी, तनाव और चिंता महसूस हो सकती है. लंबे समय तक अकेलापन रहने से डिप्रेशन का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए, अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं और नई एक्टिविटी में शामिल हों ताकि आपका मेंटल हेल्थ बेहतर बना रहे.

**अकेलापन और डिप्रेशन**

जब हम अकेले होते हैं, तो हमारे पास किसी से बात करने और अपने विचार साझा करने का मौका कम हो जाता है. इससे हम उदास और अकेलापन महसूस करने लगते हैं. लंबे समय तक अकेलापन बना रहे, तो यह डिप्रेशन का कारण बन सकता है. अकेलेपन से तनाव और चिंता भी बढ़ सकती है।

# बर्गर खाने से 9 मिनट घटती उम्र, रिसर्च में फास्ट फूड को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

अगर आप कोल्ड ड्रिंक या चीज बर्गर खाने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए. डेली मेल की एक रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है.एक रिसर्च में सामने आया है कि फास्ट फूड्स आपकी जिंदगी को कम कर रहे हैं. इतना ही नहीं इन्हें खाने से आपका शरीर बीमारियों का घर बन सकता है. वैज्ञानिकों का दावा है कि ये चीजें आपकी जिंदगी घटा रही हैं. आइए जानते हैं किस चीज को खाने से कितनी उम्र कम होती है.

चीज बर्गर खाने से कितनी घटती है उम्र?

रिपोर्ट में मिशिगन यूनिवर्सिटी की रिसर्च का जिक्र किया गया है. इसके अनुसार एक चीज बर्गर खाने से आपकी जिंदगी के 9 मिनट और कोल्ड ड्रिंक पीने से 12 मिनट कम हो रही है. करीब 5,800 फूड्स का एनालिसिस और सेहत पर उनके असर का आंकलन करने के बाद पाया गया कि हॉट डॉग खाने वालों की जिंदगी 36 मिनट कम हो रही है.

बढ़ता कैंसर होने का खतरा

हर उम्र के लोगों को कोल्ड ड्रिंक पीने का शौक होता है. ये भी सेहत के लिए खतरनाक है. बेकन 6 मिनट और प्रोसस्ड मीट जैसे प्रोसिटो खाकर अपनी लाइफ 24 मिनट खो सकते हैं. रिसर्च में बताया गया है कि एग सैंडविच जिंदगी के 13.6 मिनट कम कर सकती है. इनमें पाए जाने वाले नाइट्राइट्स और नाइट्रेट्स शरीर में जाकर ऐसे तत्वों में टूट जाते हैं, जो कोलन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं. इन चीजों को खाने से बढ़ती उम्र-



हालांकि रिसर्च में उम्र बढ़ाने वाली चीजों के बारें में भी बताया गया है. वैज्ञानिकों के अनुसार पीनट बटर और जेली सैंडविच खाने से आपकी उम्र 32 मिनट तक बढ़ सकती है. नट्स और बीज 24 मिनट और फल 10 मिनट उम्र बढ़ा सकते हैं. मछली और सब्जियां भी लाइफ को बढ़ाने का काम करती है.

क्या खाने से होती खतरनाक बीमारियां?- रिसर्च टीम के अनुसार फास्ट फूड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में चीनी, अनहेल्दी फैट और प्रिजर्वेटिव्स काफी ज्यादा होते हैं. चीज बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, रेड मीट और प्रोसस्ड मीट में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो डायबिटीज, हार्ट डिजीज और मोटापे जैसी खतरनाक बीमारियों का कारण बन सकते हैं.

## ब्लैक साड़ी में नुसरत भरूचा ने दिखाईं दिलकश अदाएं



बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा हमेशा अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनकी किलर अदाएं देखकर फैंस मंत्र मुग्ध हो गए हैं। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की फेमस अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं। नुसरत भरूचा ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोज के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो बेहद ही किलर और स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, आखों में काजल और ग्लैम मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नुसरत भरूचा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।



## फेसवॉश लगाने से स्किन ड्राई हो जाती है तो लगाएं ये फेस पैक

सर्दियों के मौसम में स्किन अक्सर रूखी और बेजान हो जाती है. कई लड़कियां ड्राई स्किन से बचने के लिए महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इनके नतीजे अक्सर अच्छे नहीं होते और केमिकल की वजह से त्वचा का नेचुरल ऑयल भी खत्म हो जाता है. अगर आप अपनी स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और मॉइश्चराइज रखना चाहती हैं, तो किसी केमिकल प्रोडक्ट की जगह घर पर बना हुआ फेस पैक आजमाएं.

यह फेस पैक न केवल आपकी त्वचा की ड्राइनेस दूर करेगा, बल्कि इसे हेल्दी और ग्लोइंग भी बनाएगा. इसे बनाना बेहद आसान है और आप इसे अपने बाथरूम में रखकर रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं.

होममेड फेस पैक के लिए चाहिए ये चीजें

चावल का आटा- सबसे पहले, चावल को मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें. अगर चावल पूरी तरह महीन न पिसे तो इसे छानकर अलग कर लें. बचे हुए मोटे टुकड़ों को दोबारा पीस लें. जब चावल का फाइन पाउडर तैयार हो जाए, तो इसे एक साफ डिब्बे में स्टोर कर लें.

हल्दी- चावल के पाउडर में एक चौथाई चम्मच हल्दी मिला लें. हल्दी एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है, जो आपकी त्वचा को साफ और संक्रमण से मुक्त रखने में मदद करती है.

फेस पैक लगाने का तरीका

एक चम्मच चावल का पाउडर लें और उसमें एक चम्मच ताजा दही मिलाएं.

इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं.

इसे लगभग 5 मिनट तक सूखने दें.

इसके बाद, नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें.

इस फेस पैक को आप रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं. इसे नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और हाथों पर लगाएं. हल्के हाथों से मसाज करें और धोने के बाद फर्क महसूस करें.

## सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज होगा फिल्म सिकंदर का टीजर

पिछले लंबे समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एआर मुरुगादॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।अब फिल्म सिकंदर के टीजर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, सिकंदर का टीजर सलमान के 59वें जन्मदिन पर यानी 27 दिसंबर, 2024 को जारी किया जाएगा।ऐसे में यह सलमान के प्रशंसकों के लिए किसी उपहार से कम नहीं है। टीजर में सलमान जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे।एक सूत्र ने कहा, वर्तमान में सलमान धमाकेदार एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रहे हैं और प्रचार अभियान की योजना बन रही है। सिकंदर से सलमान की पहली झलक उनके ही जन्मदिन पर सामने आएगी।

## शब्द सामर्थ्य -269


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## रामगढ़ धान खरीदी केंद्र पर 60 क्विंटल अवैध धान जप्त



**कोरिया।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत के मार्गदर्शन में रामगढ़ धान खरीदी केंद्र पर 16 दिसंबर को 60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। नायब तहसीलदार परमानंद कौशिक ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया कि सेमरिया निवासी किसान श्री शिवकुमार पिता सरजू राम के नाम पर लाए गए 150 बोरी (60 क्विंटल) धान का वास्तविक स्वामित्व सुरेश कुमार पिता बरमलाल का है। पूछताछ में दोनों किसानों ने स्वीकार किया कि धान शिवकुमार के नाम पर अवैध रूप से विक्रय के लिए लाया गया था। अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 60 क्विंटल धान को जप्त कर धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक गोविंद प्रसाद दुबे के सुपुर्द कर दिया। मंडी अधिनियम के तहत दोषियों पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्र रामगढ़ में निरीक्षण के दिन 187 क्विंटल धान का समर्पण भी कराया गया।

### घर-घर नल से जल पहुंचाने के कार्य को तेज करने पर जोर

# धान उठाव में लाए तेजी:कलेक्टर

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेते हुए विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए विपणन अधिकारी और राइस मिलर्स को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों की जानकारी हर शनिवार ऑनलाइन अपडेट करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त हमाल और मजदूरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही अवैध धान के परिवहन और भंडारण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन और सौर ऊर्जा कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के हर घर में नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने अधूरे सौर ऊर्जा कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने जाति-निवास प्रमाण पत्र वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के प्रमाण पत्र समय पर बनाने तथा दस्तावेजों की कमी होने पर पालकों से संपर्क करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बंटवारा, नामांतरण और फौती जैसे प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनदर्शन, पीजी पोर्टल और जन समस्या निवारण शिविरों में आए आवेदनों पर तेजी से कार्य करने के भी निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर के समक्ष आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को तत्काल संबंधित अधिकारियों को सौंपकर समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**कोरिया।** जिला प्रशासन ने बैकुण्ठपुर तहसील के तरगवां में 27 दिसम्बर 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला अधिकारियों से कहा है कि उक्त शिविर में पहुंचकर महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम लोगों को अवगत कराएं। श्रीमती त्रिपाठी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि इस शिविर में बड़ी संख्या में आए और अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं। बता दें जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और जनहित के मुद्दों पर तत्परता से कार्यवाही करना है। इन शिविरों में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे और तुरंत आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रशासन ने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने का आग्रह किया है, ताकि समय पर उनका निवारण हो सकें।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**कोरिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कोरिया जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो. रिजवान खान ने जिला जेल बैकुंठपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल परिसर में इंफ्रास्ट्रक्चर, बंदियों के बैरक, उपयोग में लाए जाने वाले शौचालयों की स्थिति और साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की और बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके अलावा, उन्होंने जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया और बंदियों को विधिक सहायता प्रदान करने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि गरीब एवं जरूरतमंद बंदियों को विधिक सहायता और परामर्श देने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट समीर कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, जेल अधीक्षक शेख आबिद रजा, जेल विजिटिंग लॉयर अजय सिंह और कम्युनिटी पीएलवी अजय राजवाड़े भी उपस्थित रहे।

## सेवा केंद्र की एक दिवसीय एग्रीटेक के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नन्दिनी साहू के निर्देशानुसार तथा जिला-ई गवर्नेंस (सीएससी) द्वारा ब्लॉक के सभी सामान्य सेवा केंद्र की एक दिवसीय एग्रीटेक के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। एग्रीटेक पोर्टल भारत सरकार द्वारा बनाया गया है। जिसमे प्रत्येक किसान का एक यूनिक आई.डी. बनाया जाना है। इस यूनिक आई डी के माध्यम से किसानों को कृषि सेवा से जुड़ी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुचाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित जिला-ई गवर्नेंस, ब्लॉक फेलो, सीएससी मैनेजर तथा ब्लॉक के सभी सामान्य सेवा केंद्र के उपस्थित थे।

## पटना में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 22 यूनिट रक्तदान और 115 मरीजों का उपचार

**कोरिया।** सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पटना में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत पटना अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह और पार्षद सुनील सिंह एवं श्रीमती नाजमा बेगम के द्वारा किया गया। शिविर में स्वेच्छा से 22 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना, नगर पंचायत पटना और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वास्थ्य शिविर में 115 मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को जरूरी परामर्श और चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह, बीपीएम तबिता भगत, बीईटीओ अमृत लाल टुंडे और पटना चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं स्टाफ नर्सों का विशेष योगदान रहा। जनप्रतिनिधियों ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा, 'रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य और सेवा भाव को मजबूत करते हैं।' इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

### सौर ऊर्जा ग्रीन एनर्जी है और पर्यावरण के अनुकूल

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: कोरिया जिले में बढ़ी रुचि, 300 घरों का लक्ष्य

**कोरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कोरिया जिले में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस योजना का उद्देश्य घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल से मुक्ति दिलाना और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। जिले में 300 घरों में सोलर रूफटॉप प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब-तक 39 लाभार्थियों ने इस योजना के लिए पंजीयन करवा लिया है। वहीं, मोबाइल ऐप के माध्यम से 2,000 से अधिक लोगों ने रुचि दर्ज कराई है। बैकुंठपुर-तलवापारा निवासी श्री विष्णु पटेल और स्कूलपारा निवासी श्री मिथिलेश कुमार ने क्रमशः 3 किलोवाट और 2 किलोवाट के सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों से मिली और उन्होंने तुरंत विद्युत विभाग से संपर्क किया। दोनों लाभार्थियों ने कहा कि इससे न केवल बिजली बिल में राहत मिलेगी, बल्कि वे ऊर्जा आत्मनिर्भर भी बनेंगे। योजना के तहत, सोलर पैनल की कुल लागत का एक हिस्सा सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में दिया जा रहा है। दो किलोवाट तक की सौर इकाई पर 60 प्रतिशत सब्सिडी। दो से तीन किलोवाट तक की क्षमता पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। अधिकतम 78,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए नागरिकों को ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। पंजीयन के बाद पात्र हितग्राहियों को बैंक खाते की जानकारी और कैंसिल चेक जमा करना होगा। सब्सिडी की प्रक्रिया पूर्ण होने में लगभग 30 दिन का समय लगेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेवासियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'सौर ऊर्जा ग्रीन एनर्जी है और यह पर्यावरण के अनुकूल है। छत पर सोलर पैनल लगाने से बिजली मुफ्त में उपलब्ध होगी और बची हुई बिजली पावर कंपनी को देकर अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा।' कलेक्टर ने आम बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल या मोबाइल ऐप पर पंजीयन कराकर अपने घर को सौर ऊर्जा से रोशन करें और ऊर्जा आत्मनिर्भर बनें।

## दिव्यांग अनूप सिंह को कलेक्टर ने मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान कर दी बड़ी राहत

**कोरिया।** जनदर्शन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नरवापारा-सरभोका निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग श्री अनूप सिंह को मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान किया। अनूप सिंह ने जनदर्शन में अपनी समस्या रखते हुए आवागमन में आने वाली कठिनाई की जानकारी दी। उनकी आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने तत्काल निर्णय लेकर उन्हें मोटरराइज्ड ट्रायसिकल वितरित करवाया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यह मोटराइज्ड ट्रायसिकल श्री अनूप सिंह के जीवन में एक नई सहजता और आत्मनिर्भरता लाने में सहायक सिद्ध होगी। मोटराइज्ड ट्रायसिकल मिलने पर श्री अनूप सिंह ने प्रशासन और कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयां दूर होंगी और वे अपने कार्य आसानी से कर सकेंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कलेक्टर द्वारा त्वरित निर्णय लेकर सहायता प्रदान करने की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री आलोक भुवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने रामानुजनगर के विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल ने विकासखंड रामानुजनगर के संकुल केंद्र पटना, आमगांव, साल्ही एवं पस्ता के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। हाई स्कूल पटना में निरीक्षण के दौरान कक्षा दसवीं के छात्रों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। 10वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, ब्लूप्रिंट ब्लैक बोर्ड में लिखकर ज्ञान, अवबोध, अनुप्रयोग, कौशल से संबंधित प्रश्न की कैसे तैयारी करे, जिससे बच्चे टॉप टेन में अपनी जगह बना सकें। उन्होंने माध्यमिक शाला, हाई स्कूल पटना के समस्त स्टॉफ एवं संकुल समन्वयकों संक्षिप्त बैठक लेकर आपसी सामंजस्य बनाकर शैक्षणिक गुणवत्ता के विकास, मध्याह्न भोजन, छात्र उपस्थिति, स्वच्छता, विद्यालय का रख रखाव के निर्देश देते हुए अपने अनुभव शेयर किए। इस अवसर पर संकुल सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू, प्राचार्य भगवान राम ठाकुर, संकुल समन्वयक रामबिलास कुशवाहा, फूल सिंह, बंसधारी सिंह, धर्मपाल यादव, एवं संकुल समन्वयक लुकेश्वर सिंह शिक्षकों में राम शिरोमणि साहू, शिव शंकर सोनवानी, स्वयंवर सोनवानी, पन्मेश्वरी सिंह, सूरज प्रकाश साहू, छात्र दयाल सिंह, सरिता सिंह, राजकुमार ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, अरुण जायसवाल, हीरा लाल यादव, अनिल रॉयल, सरला सिंह, गंगेश्वर सिंह उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन

**कोरिया।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत आज जिला अस्पताल परिसर में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो द्वारा दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसकी सराहना की। शिविर में 0 से 18 वर्ष के चिन्हांकित बच्चों का निशुल्क हृदय रोग जांच एवं इको परीक्षण किया गया। रायपुर से आए विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप सिंह (कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ. निखिल ने बच्चों का स्क्रीनिंग, ईको और परामर्श किया। यदि किसी बच्चे में हृदय संबंधी समस्या पाई जाती है, तो उसका निशुल्क इलाज श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल, नया रायपुर में किया जाएगा। शिविर में अब-तक 60 बच्चों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 49 बच्चों की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें 23 बच्चों में हृदय रोग के लक्षण पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आयुष जायसवाल ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बच्चों के गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान होती है और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों और स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. अभय (नोडल अधिकारी), डॉ. अभिषेक गढ़ेवाल, टीबी विभाग के जिला समन्वयक श्री शिशिर जायसवाल, अस्पताल सलाहकार प्रियंका कुरील, उप जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी सरोजनी राय, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं आरबीएसके टीम का विशेष योगदान रहा।

## बागेश्वरी धाम लोक न्यास कुदरगढ़ धाम के विकास कार्यों को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय सूरजपुर के सभा कक्ष में मां बागेश्वरी धाम लोक न्यास कुदरगढ़ धाम में आगामी समय में किये जाने वाले विकास कार्यों एंव अन्य विषयों के संबंध में चर्चा हेतु बैठक आयोजित किया गया था। चर्चा के विभिन्न बिन्दुओं में रोपवे निर्माण का विषय भी शामिल था। जिसके संबंध में सकरात्मक चर्चा की गई। इसके साथ ही ट्रस्ट के नये अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें सर्व सहमति से सभी उपस्थित गणमान्य द्वारा 23 दिसंबर तिथि का प्रस्ताव अध्यक्ष चुनाव के लिए रखा गया है। जो कि कुदरगढ़ के मंदिर प्रांगण में किया जाना है। बैठक में पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, भीमसेन अग्रवाल, ओमकार पाण्डेय, आजीवन सदस्य व अन्य सदस्य, कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, डीएफओ श्री पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम सागर सिंह राज, जनपद सीईओ डॉ नृपेन्द्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## चिरमिरी शहर में दिखी बाघिन:गलियों में घूमती दिखी, लोगों में दहशत, वन अमला पहुंचा मौके पर

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिले के चिरमिरी नगर निगम रेंज के रहवासी क्षेत्र में बाघीन विचरण कर रही है। जिसके कारण लोगों के बीच दहशत का माहौल बन गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन अमला दल-बल के साथ मौके पर मौजूद है। साथ ही वन विभाग लोगों घरों से बाहर नहीं निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। वहीं बीते महीने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाराष्ट्र के नागपुर मंडल अंतर्गत गोबरवाही- डोंगरीबुजुर्ग स्टेशन के बीच तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गाड़ी क्र. 07811 तुमसर-तिरौड़ी पैसेंजर से एक बाघ टकराकर घायल हो गया था। इस दौरान बाघ को रेस्क्यू करने में 7 घंटे तक रेल यातायात बाधित हो गया था। घटना के बाद वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू किया था। जिसके बाद बाघ को उपचार के लिए नागपुर भेजा गया था। पैसेंजर ट्रेन से बाघ के टकराकर घायल होने की सूचना मिलते ही तत्काल राउंड ऑफिसर वन विभाग यादव को देकर उप निरीक्षक मोहम्मद मुगीसुद्दीन रेसुब चौकी तुमसर रोड अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान वन विभाग भंडारा डिवीजन की रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बाघ को बेहोशी शॉट लगाया गया था। वन विभाग के चिकित्सक द्वारा बाघ को बेहोश करने के बाद रेल पथ की पुश ट्राली से उक्त घायल टाइगर को रेलवे स्टेशन डोंगरीबुजुर्ग लाया गया था। फिर यहां से उसे गिरेवाड़ा नागपुर रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया था। जहां बाघ का प्रारंभिक उपचार किया गया था। घटना से रेल यातायात समय सुबह 5.40 बजे से दोपहर 01 बजे तक रेल यातायात बाधित रहा था। वहीं बाघ के घायल होने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे थे।

## जर्जर राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत के लिए राहुल जीत अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

**बलरामपुर।** रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के जर्जर स्थिति को लेकर चिंतित एवं आक्रोशित नगर के युवा राहुल जीत सिंह अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारत माता चौक के समीप अनिश्चितकालीन अनशन में दोपहर 12 बजे से बैठ गए। अनशन में बैठने के पूर्व से ही व्यापक समर्थन क्षेत्रवासियों का राहुल जीत को मिल रहा है। सभी ने एक स्वर में कहा कि राहुल जीत सिंह मांग जायज है। राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों को इसमें तत्काल संज्ञान लेना जाना चाहिए। गौरतलब है की राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की अत्यंत के जर्जर स्थिति लंबे समय से है परंतु इसके मरम्मत में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के द्वारा कोई दिलचस्पी नहीं दिखलाई जा रही है।दिन प्रतिदिन राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति और बदतर होते जा रही है। करीब करीब प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है परंतु उसके बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के अकर्मण्य रवैया से पूरे क्षेत्रवासीयो में व्यापक आक्रोश है। नगर के युवा राहुल जीत सिंह के द्वारा अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात भारत समाचार चौक के समीप धरना स्थल में राष्ट्रीय गान के बाद अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए। राहुल जीत सिंह का कहना है कि जब तक मांग नहीं मानी जाती है तब तक अनशन इसी प्रकार जारी रहेगा। दोपहर 12 राहुल जीत सिंह के धरना पर बैठने के के पश्चात लगातार लोगों का पहुंचकर समर्थन देना जारी है। दोपहर 12 से देर शाम तक सैकड़ो लोग अनशन का समर्थन करने पहुंच चुके हैं राहुल जीत सिंह ने बताया कि धरना में बैठने के बाद लगातार लोगों का आना जारी है ।

### भूगोल विषय हमें प्राकृतिक बनाता है: मिश्रा

**सूरजपुर।** सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है, सीखा हुआ ज्ञान अनुभव जन्य होता है और अनुभवातीत तथ्य ही जीवन पर्यंत स्थायी स्मृति का भाग हो जाता है ? प्रकृति की ओर लौटने पर ही मनुष्य को तोष प्राप्त होता है और हम वास्तविक आदर्श नागरिक का दर्जा प्राप्त करते हैं। सीखना और सिखाना ही जीवन है, जीवन का सौन्दर्य है। भूगोल विषय हमें प्राकृतिक बनाता है, अनुशासित करता है होली क्रॉस विमेंस कॉलेज अंबिकापुर की भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सीमा मिश्रा ने शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर की छात्राओं के समक्ष उक्ताशय के विचार व्यक्त किये। कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य बृजलाल साहू ने भूगोल विषय को अन्त: अनुशासनिक विषय निरुपित करते हुए अपने जीवनानुभव को सभा में साझा किया।

## रेवती रमण कॉलेज में श्रमदान का आयोजन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में शासकीय रेवती रमण महाविद्यालय, सूरजपुर परिसर में श्रमदान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर एस. जयवर्धन के नेतृत्व में जिले में स्वच्छता मिशन को बढ़ावा देने और आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर एस डी एम सूरजपुर, मुख्य नगर पलिका अधिकारी सूरजपुर, जिला सेनानी संजय गुप्ता, सहायक प्राध्यापक चंद्रभूषण मिश्र, एस.आई. राकेश पाण्डेय, नगरसेना, अग्निशमन, एनसीसी, एन. एस.एस. सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

## ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पद के लिए अंतिम पात्र व अपात्र सूची जारी

**सूरजपुर।** जिला सूरजपुर में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर में 12 दिसंबर को पात्र/अपात्र सूची जारी कर 15 दिसंबर तक ऑनलाइन ई-मेल के माध्यम से दावा आपत्ति की तिथि निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि तक कुल 08 दावा आपत्ति ऑनलाइन ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुए है उक्त आवेदन का पुन: परीक्षण कर निराकरण करते हुए अंतिम पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन सूरजपुर जिले की वेबसाइट www.surajpur.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

## जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा सोभनाथ चौबे के नेतृत्व में जिला स्तर पर विकासखंड के मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 एवं 17 दिसंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में संपन्न हुआ। जिसमें विकासखंड के मास्टर ट्रेनरों ने यूथ एवं इको क्लब में पोषण वाटिका के अंतर्गत छात्रों के भविष्य के लिए एक कदम, जगह का चयन, मिट्टी की तैयारी, फसल का चयन, फसल चक्र, बीच संकलन, प्रदर्शनी, नक्शा, बुवाई, फसल वृद्धि के कारण, फसल सुरक्षा तथा कटाई जैसे उद्देश्यों को समझाया गया। इसके अलावा प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत पानी में प्रदूषण, समुद्र पर प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक का परिचय, प्लास्टिक और उसके प्रकार, प्लास्टिक का सफर, प्लास्टिक के दुष्परिणाम, प्लास्टिक के विकल्प, जमीन मेला से संबंधित गतिविधियां कराई गई। इस प्रशिक्षण में सूरजपुर जिले के छ: विकास खंडों के मास्टर ट्रेनरों ने पूरी तन्मयता से प्रशिक्षण लिया।

## ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पद के लिए 10 आवेदकों का साक्षात्कार 20 को

**सूरजपुर।** जिला सूरजपुर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर द्वारा 28 नवंबर को विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों के जांचोपरांत पात्र/अपात्र सूची प्रकाशित किया गया। जिस पर ऑनलाइन दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत आवेदकों के शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में प्राप्त कुल अंक वरीयता के आधार पर 10 आवेदकों का साक्षात्कार 20 दिसंबर को प्रात: 10:30 बजे से कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर में आयोजित किया गया है।

# माध्यमिक शाला बस्ती में किया गया गर्म वस्त्र का वितरण एवं नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** माध्यमिक शाला बस्ती में गर्म वस्त्र का वितरण तथा सामुदायिक सहभागिता से न्यौता भोज का भी आयोजन रखा गया था । कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवम सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात में विद्यालय के छात्रों द्वारा मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत एवम स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया । तथा छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बिहारी लाल गुप्ता रहे । साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि एवम स्व्रुस प्रशासक विनय मोहन भट्ट कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे ।साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्क्ष्व्ह देवेश जसवाल, बीआरसी निलेश शुक्ला , अभय शर्मा संकुल प्राचार्य जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कोरिया के सुरेश सोनी , पूर्व विकाशखंड शिक्षा अधिकारी शंकर सुवान मिश्रा ,संकुल समन्वयक महलपाड़ा शेर मोह. रोशन , साथ ही सस्था के प्रधान पाठक राजेन्द्र सिंह, प्रा. शाला. के प्रधान पाठक रंजीत सिंह, शिक्षक श्रीमती साधना डहरवाल , धनंजय प्रकाश बड़ा, तरुण कुमार , श्रीमती पुजा बैगा, श्रीमती अनिमा, सुश्री उषा तथा संस्था के अन्य स्टाफ सीमन तिग्गा ,सकेंदर सोनवानी अध्यक्ष ह्यद्रुष , शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य, गांव के सरपंच जगत प्रसाद , सुरेश सिंह,जनपद सदस्य सोनामती, महेंद्र पांडेय उपस्थिति रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहारी लाल गुप्ता एवम अन्य विशिष्ठ। अतिथियों द्वारा विद्यालय के छात्रों को गर्म वस्त्र का वितरण किया गया । साथ ही मुख्य अतिथि एवम अन्य अतिथियों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने हेतु संबोधित किया गया । शाला के प्रधान पाठक राजेन्द्र सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवम मुख्य अथिति को सॉल एवम तथा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि विनय मोहन भट्ट स्मृति चिन्ह एवम बुके भेट कर उनका सम्मान किया गया । अंत में समस्त छात्रों एवम अतिथियों को एसएमसी सदस्यो एवम वरिष्ट नागरिकों को न्यौता भोजन कराया गया।

## रिस्दी जैतखंभ पर चढ़ाया जाएगा ध्वज

**कोरबा।** आज गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनाम समाज के द्वारा ग्राम बेंदरकोना से एक मोटर साइकिल रैली निकाली जा रही है। यह मोटर साइकिल रैली करमंदी, चीतापाली, चाकामार, बुंदेली, गोढ़ी, झगरहा होते हुए रिस्दी चौक पहुंचेगी और शाम को जैतखंभ पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। सतनाम समाज के लखन लहरे, गणेश बघेल, पन्ना लाल भारद्वाज, दिलीप बंजारे, अंतुलाल रात्रे, अजीत सोनवानी, विद्याचरण बंजारे, शुभम अनंत के द्वारा रैली की तैयारी पहले से ही की जा चुकी है। इधर कुसमुंडा में भी गुरु घासीदास जयंती समारोह की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। यहां पर 28 दिसंबर को जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कुसमुंडा में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सतनाम समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र टंडन व रामलाल जांगड़े ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दे दी है। सुभाष ब्लॉक सतनाम समाज की बैठक भी पिछले दिनों आयोजित की गई। यहां पर दूजराम मिलन, ढहारू कुर्रे, दुर्गा शंकर तैयारी में जुटे हैं।

# एनएच पर ट्रक व ट्रेलर भिड़ी चालक-परिचालक की मौत

### दोनों थे सगे भाई

**कोरबा।** कटघोरा-बिलासपुर नेशनल हाइवे मार्ग पर आज तड़के ट्रक व ट्रेलर के बीच भिड़त हो जाने से चालक व परिचालक की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा करने के साथ आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के डुमरकछार मार्ग में आज सुबह 5 बजे के लगभग ट्रक और ट्रेलर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दोनों बिलासपुर की ओर जा रहे थे। घटना की वजह तेज गति से ओवर टेक के दौरान अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। इस घटना में ट्रेलर चालक व हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे,वहीं ट्रक का चालक सुरक्षित है। मृतकों में समीर व अमीर शामिल हैं जो झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के निवासी थे और यहां एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे। वे आज सुबह कोयला भरकर रायपुर जा रहे थे तभी बीच रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।

सूचना बाद मौके पर पाली पुलिस व 112 की टीम पहुंची जहाँ घायल ट्रक चालक को 108 एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी स्वास्थ्य



केंद्र ले जाया गया। दूसरी तरफ घंटो मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे ड्राइवर व हेल्पर की बॉडी को क्रेन व गैस कटर के माध्यम से निकाला गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से ग्रामीण की मौत

एक अन्य घटना में मंगलवार की रात उरगा थाना के पास तेज रफ्तार अज्ञात भारी वाहन ने सड़क पर चल रहे एक व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया,जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में जानकारी नहीं मिल सकी है। हादसे को अंजाम देने के बाद अज्ञात भारी वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। फिलहाल मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है,जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साइन बोर्ड से टकराई बाइक, छात्र की मौत

**कोरबा।** दर्री थानांतर्गत बीती रात जबरस्त सड़क हादसा हुआ। एनटीपीसी जवाहर गेट के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद साइन बोर्ड से टकरा गई। हादसे के दौरान बाइक चला रहे कक्षा 12वीं के छात्र की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। कोरबा में सड़क हादसों के दौरान लोगों की मौत होने का दौर जारी है। मंगलवार की रात करीब दस बजे दर्री थानांतर्गत एनटीपीसी जवाहर गेट के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी साईन बोर्ड से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था,कि बाइक साईन बोर्ड के भीतर घुस गई। हादसे के दौरान बाइक चला रहे कक्षा 12वीं के छात्र ईश्वर वैष्णव का सिर फट गया,अत्यधिक खून बहने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई वहीं उसका साथ गंभीर रुप से घायल हो गया, सूचना मिलने के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। दोनों अयोध्यापुरी के निवासी है।

# कालोनी की स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठा

**कोरबा।** एसकेएमएस के कोरबा एरिया आईआर बैठक में सभी कालोनी के स्ट्रीट लाइटों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया। जिसमें कहा गया कि पुराने कालोनियों में लाइटें बंद हैं, उन लाइटों को बदलकर नए लाइट लगाए जाने की जरूरत है। कई ऐसे कालोनी हैं जहां पर कोयला कामगारों को रात्रि में दिक्कतें होती है। ड्यूटी आने-जाने में दुर्घटना की आशंका हर समय बनी रहती है। एसकेएमएस के मनीष सिंह, सुभाष सिंह व धर्माराव ने मामले को उठाते हुए कहा कि इकाई आईआर बैठक में इन मामलों को उठाया जाता रहा है। लेकिन इस मामले में लापरवाही नहीं की जा सकती। क्योंकि दुर्घटना की आशंका होने से कोयला कामगार के परिजन भी परेशान रहते हैं। इसी तरह इकाई से आए पदधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा। सराइपाली के कृष्णा तिवारी व अशोक परिहार ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कोयला कामगारों को उचित समय पर प्रमोशन दिया जाए। कई बार अधिकारियों से मिलकर उनसे प्रमोशन के लिए कहा गया है लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। इसी तरह इकाई के अन्य पदाधिकारियों ने पुराने आवासों के मामलों को जोर-शोर से उठाया और कहा कि छतों की मरम्मत करने का काम किया गया है। लेकिन कई ऐसे आवास हैं काम किए जाने के बाद भी पानी टपक रहा है। ऐसे आवासों का मरम्मत जरूरी हो गया है। इसके अलावा पुराने वायरिंग, दरवाजे व खिड़कियां भी बदली जाए। बैठक में राजेश गुप्ता, विनोद कुमार, संजय सिंह, प्रमोदधर दीवान, विदेशी, उज्जवल बनर्जी, राजू श्रीवास्तव, ए.के.झा, जय मुखर्जी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सीमेंट कारोबारी के प्रतिष्ठान में पहुंची जीएसटी टीम

**कोरबा।** निहारिका क्षेत्र में एक सीमेंट कारोबारी के प्रतिष्ठान में जीएसटी की टीम द्वारा दबिश दिए जाने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार निहारिका क्षेत्र में तलरेजा सीमेंट दुकान स्थित है जहां आज सुबह स्टेट जीएसटी की टीम ने दबिश दी है। बताया जा रहा हैं की तलरेजा सीमेंट दुकान में खाली हो रहे गाड़ी से जब जीएसटी की टीम पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नही मिला। जिससे टीम के लोगो ने सीमेंट खाली करना बंद करा दिया। जीएसटी की टीम द्वारा आगे की पूछताछ जारी है। आज सुबह एकाएक जीएसटी टीम द्वारा दबिश दिए जाने से उन व्यापारियों में हड़कंप मच गया है जो जीएसटी के नियमों का पालन नहीं करते हैं। इससे पहले भी जीएसटी की टीम द्वारा शहर के अन्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई और चोरी का मामला पकड़ा है।

# देश व राज्य के विकास में बालको का अहम् योगदान

**कोरबा।** भारत सरकार ने 27 नवंबर 1965 को भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में की और छत्तीसगढ़ के कोरबा में एल्यूमिनियम कारखाना स्थापित करने का निर्णय लिया। उस समय आज का विशाल औद्योगिक नगर कोरबा, मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले का हिस्सा था। बालको के एल्यूमिनियम कारखाना की योजना पर कार्य आरंभ हुआ, साथ ही व्यापार का नया क्षेत्र और विविध अवसर अपने साथ लेकर आया। वर्ष 1970 में बालको के एल्यूमिनियम संयंत्र का निर्माण प्रारम्भ हुआ। यह वह समय था, जब बड़ा आर्थिक निवेश के साथ हजारों हाथों को रोजगार के जरिये अतिरिक्त आर्थिक संबल और समृद्धि हासिल हुई। वर्ष 1975 में बालको के एल्यूमिनियम संयंत्र ने पूर्ण आकार ले लिया। फिर वह खुशनुमा सुबह आई, जब मई 1975 में बालको ने धातु का उत्पादन प्रारम्भ किया। सन् 2001 तक उत्पादन क्षमता 01 लाख टन प्रति वर्ष थी।

कंपनी सही मायने में रोजगार और व्यापार का पर्याय बन गया है। बालको में कार्यरत कुल 1986 कर्मचारियों में से छत्तीसगढ़ राज्य के 1379 कर्मचारी शामिल हैं। क्षेत्र की हजारों प्रतिभाओं का संयंत्र में



नियोजन होने के साथ हजारों मेहनतकशों को नियमित रोजगार मिलने लगा। व्यापार तथा सहायक उद्योगों की नई राह खुल गई। कोरबा में सिल्वर (एल्यूमिनियम) अपनी चमक बिखरने लगा। वर्ष 2001 में हुए निजीकरण के बाद से बालको में सतत, सम्यक और तीव्रगति से प्रगति की एक नयी संस्कृति का प्रादुर्भाव हुआ। निजीकरण के बाद 49 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार तथा 51 प्रतिशत वेदांता समूह के पास है। वर्तमान में, देश में एल्यूमिनियम की कुल मांग 4.1 मिलियन टन है, जिसमें बालको 14 प्रतिशत एल्यूमिनियम की पूर्ति कर रहा है। अभी भारत की एल्यूमिनियम खपत प्रति व्यक्ति लगभग 3 किलोग्राम है। दूसरी ओर, विश्व की प्रति व्यक्ति औसत एल्यूमिनियम खपत लगभग 12 किलोग्राम है। अनुमान है कि यह मांग 2030 तक बढ़कर लगभग 15 से 20 किलोग्राम प्रति व्यक्ति हो जाएगा। विकाशील देश की श्रेणी में होने की वजह से भारत में इस धातु की खपत विश्व के औसत खपत से ज्यादा होने की प्रबल संभावना है।

देश में बढ़ते एल्यूमिनियम की मांग को देखते हुए बालको की विस्तार परियोजना इसमें बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्ष 2026 तक 01 मिलियन टन के विस्तार परियोजना के बाद बालको, देश की कुल 20 प्रतिशत एल्यूमिनियम की मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। बालको, अपने उत्पादन का 90 प्रतिशत एल्यूमिनियम घरेलू बाजार में ही विक्रय करता है। बालको सहित वेदांता समूह की एल्यूमिनियम बिजिनेस कुल 2.37 मिलियन टन एल्यूमिनियम उत्पादित कर रहा है। रिसाईकल और सस्टेनेबल गुणों की वजह से एल्यूमिनियम 'भविष्य का धातु' के रूप में देखा जा रहा है।

बालको के निजीकरण और विस्तार परियोजनाओं की शुरूआत से लेकर इसके प्रचालन में आने तक हजारों हाथों को रोजगार मिला है। कोरबा और बालको के व्यवसाय ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। बालको, अभी और प्रगति के नए सोपानों को तय करने के लिए प्रतिबद्ध है। बालको के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के कुशल नेतृत्व में कंपनी की विस्तार परियोजना को साकार रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कंपनी के प्रगति के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर का निर्माण होगा। शीघ्र ही 01 मिलियन क्लब की ऊंचाई को छू लेगा और देश और राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

बालको के लिए समुदायों का सामाजिक-आर्थिक विकास सर्वोपरि है। कंपनी शिक्षा, स्थायी आजीविका, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संपदा, स्वच्छता, खेल, संस्कृति और बुनियादी जरूरतों के विकास में गहन हस्तक्षेप के माध्यम से सालाना लगभग 1.5 लाख लोगों के जीवन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप रोजगार के अवसर प्रदान करती है। बालको के सामाजिक विकास प्रयास छत्तीसगढ़ के 4 जिलों को कवर करते हुए 123 गांवों तक पहुंचती है। कोरबा, कवर्धा, सरगुजा और रायपुर, और इसकी सीएसआर नीतियों और प्रणालियों को जमीन पर स्थायी प्रभाव देने के लिए तैयार और कार्यान्वित किया जाता है, जिससे इन समुदायों को राष्ट्र की प्रगति में एक समान भागीदार बनाया जाता है।

## वार्ड प्रभारियों का होगा दौरा शुरू

**कोरबा।** दीपका नगर पालिका क्षेत्र में नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्डों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। आरक्षण की घोषणा होने के बाद प्रभारी इन सभी वार्डों में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा करते हुए उन नामों को उपर भेजेंगे।

जय श्रीराम
मकान/प्लाट उपलब्ध
गीतावेली, मुड़ापार, बुधवारी रोड, टीपी नगर, लालूराम कालोनी, निहारिका में प्लाट व मकान के लिए संपर्क करें।
प्रापर्टी डीलर
62681-46606




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com